इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -89 राजनांदगांव, बुधवार 14 फरवरी 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# किसानों ने प्रदर्शन रोका, आज फिर दिल्ली जाएंगे : शंभू और खनौरी बॉर्डर पर टकराव से 100 घायल

## किसानों ने अपना प्रदर्शन आज के लिए रोका, पहले दिन बॉर्डर पर टकराव में 100 घायल

नई दिल्ली। किसान आंदोलन ने अब हिंसक रूप ले लिया है। पंजाब एवं हरियाणा को जोड़ने वाले शंभू बॉर्डर पर किसानों ने पत्थरबाजी भी शुरू कर दी है। वहीं पुलिस की ओर से लगातार आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं। इस हिंसक कार्रवाई में करीब 13 लोग जख्मी हो गए हैं। यही नहीं किसानों ने बैरिकेडिंग भी उखाड़नी शुरू कर दी हैं। अब तक पुलिस बल उन्हें पंजाब की सीमा में ही रोके रखने में सफल रहे हैं, लेकिन हालात कभी भी बेकाबू हो सकते हैं। इस बीच यह मामला हाई कोर्ट भी पहुंचा है। हाई कोर्ट ने केंद्र एवं राज्य सरकारों को नसीहत दी है कि बल प्रयोग अंतिम विकल्प होना चाहिए और किसानों के साथ बैठकर मसले का हल निकालें। इसके अलावा आंदोलन से आम लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

बता दें कि सोमवार रात को 5 घंटे लंबी चली बातचीत के बाद भी सरकार से कोई सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद अब किसान दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। किसान फिलहाल 500 ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ दिल्ली के निकले हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग भी हैं। ऐसे में पुलिस के लिए इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर पाना भी आसान नहीं होगा। किसानों और पुलिस प्रशासन के बीच पहला मोर्चा अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर दिखेगा। यह हरियाणा एवं पंजाब के बीच सबसे प्रमुख बॉर्डर है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### हरियाणा के 7 जिलों में 15 फरवरी तक इंटरनेट बैन

### अनुराग ठाकुर बोले- किसान उठकर चल पड़े तब भी...

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के बढ़ावे के लिए और किसान के कल्याण के बहुत सारे कार्य किए हैं। जब किसानों ने मांग रखी तब हमने चर्चा के लिए एक दम से सहमति जताई। इस बार भी हमारे केंद्रीय मंत्री चंडीगढ़ गए और कई घंटे तक वार्ता भी की, जब किसान उठ कर चल पड़े तब भी हमने कहा कि चर्चा को जारी रखिए। जब नए मुद्दे जुड़ते जाएंगे तो समय तो लगेगा। हमारा कहना है कि हम नए विषयों पर भी चर्चा करने के लिए तैयार हैं लेकिन इस पर अन्य लोगों से भी बात करनी पड़ेगी, क्या ये गलत हैं? मैं प्रदर्शनकारियों से कहूंगा कि हिंसा ना करें, उग्र ना हों। मैं किसान नेताओं से अनुरोध करता हूं कि कृपया करके बातचीत का दौर जारी रखें।'

# किसानों के समर्थन में राहुल गांधी, कहा- इंडिया की सरकार आएगी तो मिलेगी एमएसपी, पूरी होगी स्वामीनाथन की रिपोर्ट



अंबिकापुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ अंबिकापुर पहुंचे। अंबिकापुर में उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आज किसान दिल्ली की ओर मार्च कर रहे हैं। उन्हें रोका जा रहा है, उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं, वे क्या कह रहे हैं। वे सिर्फ अपनी मेहनत का फल मांग रहे हैं। बीजेपी सरकार ने एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की, लेकिन वे एमएस स्वामीनाथन की कही बात को लागू करने को तैयार नहीं हैं।'

राहुल गांधी ने कहा, स्वामीनाथन ने अपनी रिपोर्ट में साफ कहा है कि किसानों को वाकई एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ऐसा नहीं कर रही है। जब भारत सरकार सत्ता में आएगी तो हम भारत के किसानों को एमएसपी की गारंटी देने वाला (कानून) देंगे। स्वामीनाथन रिपोर्ट में जो उल्लेख किया गया है, हम उसे पूरा करेंगे।

अंबिकापुर नगर के कला केंद्र मैदान में आयोजित आमसभा के बाद राहुल गांधी कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा अचानक दो दिन के लिए स्थगित हो गई है। दिल्ली में किसानों के आंदोलन में उपजे विवाद के बाद राहुल व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को दिल्ली निकलना पड़ा।

अंबिकापुर में आमसभा के बाद राहुल गांधी की यह यात्रा बलरामपुर जिले के ओर रवाना होने वाली थी कि अचानक यात्रा स्थगित कर दी गई। यह यात्रा दो दिन के लिए स्थगित की गई है। दो दिन बाद फिर से राहुल गांधी यात्रा आरंभ करेंगे। बलरामपुर के बाद यात्रा झारखंड राज्य में प्रवेश करेगी।

# 'जिस जमीन पर लकीर खींच देंगे, वो दे दूंगा', पीएम मोदी ने अबू धाबी में मंदिर बनने के पीछे की कहानी बताई

अबू धाबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 फरवरी को दो दिवसीय यात्रा के लिए संयुक्त अरब अमीरात पहुंच गए हैं। यूएई पहुंचने पर पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पीएम मोदी ने आज 'अहलान मोदी' कार्यक्रम में लगभग 65 हजार भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'भारत-यूएई दोस्ती जिंदाबाद' के नारे लगाए। बता दें कि 2014 के बाद से यह पीएम मोदी की यूएई की सातवीं यात्रा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से 14 फरवरी तक संयुक्त अरब अमीरात की अपनी आधिकारिक यात्रा पर हैं। पीएम मोदी ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बैठक की। इस अहम बैठक के बाद पीएम मोदी ने लगभग 65 हजार भारतीय प्रवासियों को अबू धाबी में 'अहलान मोदी' कार्यक्रम में संबोधित किया। बता दें कि इस कार्यक्रम में यूएई के विभिन्न क्षेत्रों और भारत के विभिन्न राज्यों से लोग एकत्रित हुए। इस बीच अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज आपने अबू धाबी में इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक स्टेडियम में, हर दिल की धड़कन यह भावना गूंजती है- 'भारत-यूएई दोस्ती जिंदाबाद।'

बता दें कि इस आयोजन के अगले दिन यानी 14 फरवरी को पीएम मोदी अबू धाबी में बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे।



पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर से किया गया सम्मानित

### मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरा होने की गारंटी

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा मुझे हर भारतीय के सामर्थ्य पर इतना ज्यादा भरोसा है कि इसी भरोसे के दम पर मोदी ने एक गारंटी भी दी है। मोदी ने अपने तीसरे टर्म में भारत को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाने की गारंटी दी है और मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरा होने की गारंटी।

### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य : पीएम मोदी

पीएम ने कहा आज एक-एक भारतीय का लक्ष्य, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। दुनिया का वो देश जिसकी अर्थव्यवस्था (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण भाजपा में शामिल



मुंबई। कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शमिल हो गये। महाराष्ट्र में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। इसके पहले दो दिग्गज नेताओं बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। श्री चव्हाण ने कल कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री का आज यहां एक सादे समारोह में भाजपा में स्वागत किया गया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार और अन्य पार्टी नेता उपस्थित थे। श्री चव्हाण ने संवाददाताओं से कहा, मैं आज भाजपा में शामिल हो गया। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अन्य के प्रति आभारी हूं।

इस मौके पर श्री फड़नवीस ने कहा कि यह खुशी की बात है कि महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हो गये। श्री चव्हाण विधायक, लोकसभा सांसद और दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि श्री चव्हाण महाराष्ट्र में राज्यसभा के आगामी द्विवार्षिक चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवार नामित किये जा सकते हैं।

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 135 हैंडपंप तकनीशियनों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र



रायपुर (दावा)। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने आज व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयनित 135 नए हैंडपंप तकनीशियनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन्हें प्रदेश भर में ग्रामीण इलाकों में पदस्थ किया गया है। श्री साव ने उम्मीद जताई कि विभाग में हैंडपंप तकनीशियनों की संख्या बढ़ने से इनकी मरम्मत, रखरखाव और पेयजल की गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

**तकनीशियनों की संख्या बढ़ने से हैंडपंपों की मरम्मत और रखरखाव की व्यवस्था होगी सुदृढ़ - उप मुख्यमंत्री श्री साव**

रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, जल जीवन मिशन के संचालक सुनील जैन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ.एम.एल. अग्रवाल भी शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवनियुक्त तकनीशियनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से आप लोगों के जीवन का एक नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद आप लोग एक अलग ही अहसास से गुजर रहे होंगे। पर यह आप लोगों की मंजिल नहीं है, केवल एक पड़ाव है। संतुष्ट होकर बैठना नहीं है, बल्कि लगातार आगे बढ़ते जाना है। उन्होंने कहा कि आप लोगों की ऊर्जा और कौशल से विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था में सहायता मिलेगी। हैंडपंपों की मरम्मत और रखरखाव के कार्यों में तेजी आएगी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि नई भर्ती की जानकारी मिलने पर मैंने विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द काउंसिलिंग कर नियुक्ति पत्र प्रदान करने के लिए निर्देशित किया था। मैं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि मैदानी स्तर पर आप लोगों की सक्रियता और अच्छे कार्यों से आप लोगों का मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इससे विभाग का भी सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने नई ऊर्जा के साथ सभी नवनियुक्त हैंडपंप तकनीशियनों को विभागीय कार्यों में सहयोग करने को कहा।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने कार्यक्रम में कहा कि सभी नए तकनीशियन फील्ड में अपने कार्यों को गंभीरता से अंजाम देंगे और प्रदेशवासियों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने में विभाग की सहायता करेंगे, ऐसी उन्हें उम्मीद है। आप सभी अपनी भूमिका का अच्छे से निर्वहन करें। आपकी अच्छी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वाराणसी दौरे पर पहुंचे सीएम योगी ने ज्ञानवापी के किए झांकी दर्शन, नंदी की पूजा भी की



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंचे। इस बीच मुख्यमंत्री ने ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने के झांकी दर्शन किए। तहखाने के देवी-देवताओं के समक्ष श्रद्धाभाव से झुककर मुख्यमंत्री ने लोक कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने तहखाने के सामने विराजे नंदी को प्रणाम किया।

इस बीच उन्होंने शाम को सर्किट हाउस में विभिन्न योजनाओं को लेकर बैठक भी की। सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर पहुंचे। उन्होंने बाबा कालभरैव की आरती उतारी और फिर श्री काशी विश्वनाथ धाम के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री ने गर्भ गृह में बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन किया और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री को मंदिर प्रशासन की ओर से अंगवस्त्रम्, प्रसाद और रुद्राक्ष की माला भेंट की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कहा कि दर्शन-पूजन में श्रद्धालुओं को किसी किस्म की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन कर मुख्यमंत्री धाम से बाहर निकले तो उन्होंने व्यासजी के तहखाने का झांकी दर्शन कर उसके सामने विराजमान नंदी की प्रतिमा को प्रणाम किया। मुख्यमंत्री ने शाम को सर्किट हाउस में बैठक के दौरान श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय को अपग्रेड किए जाने के लिए पैसा जारी होने के बावजूद काम न शुरू होने पर नाराजगी जताई। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन भरेंगी



दिल्ली। सोनिया गांधी इस बार लोकसभा का चुनाव नहीं लडेंगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक पार्टी सूत्रों ने बताया है कि सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन भरेंगी। इस दौरान उनके साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी के अलावा प्रियंका गांधी भी मौजूद रहेंगी। राहुल मंगलवार शाम को ही छत्तीसगढ से दिल्ली पहुंच गए हैं।

यह कहा जा रहा है कि सोनिया गांधी को मनमोहन सिंह की सीट से राज्यसभा के लिए भेजा जाना तय हुआ है। पूर्व पीएम का कार्यकाल 3 अप्रैल 2024 को खत्म हो रहा है। यह पहला मौका है जब सोनिया गांधी राज्यसभा जाएंगी। वे 5 बार की लोकसभा सांसद हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी (1964-1967 तक) राज्यसभा की सांसद रह चुकी हैं।

### कांग्रेस ने विधायकों को जयपुर बुलाया, 10-10 समर्थक एमएलए के नामांकन सेट बनाए

उधर, राजस्थान से सोनिया गांधी के प्रत्याशी बनाए जाने की औपचारिक घोषणा का इंतजार है। राजस्थान में बुधवार को राज्यसभा के नामांकन की तैयारियां की जा रही हैं। कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को जयपुर पहुंचने कहा है। दो दिन सभी विधायकों को जयपुर में रहने कहा गया है। कई विधायक जयपुर पहुंच गए हैं, कुछ सुबह तक पहुंच रहे हैं। नामांकन फॉर्म भरकर सेट तैयार कर लिए गए हैं। नामांकन फॉर्म के साथ 10-10 विधायकों के प्रस्तावक और समर्थक के तौर पर हस्ताक्षर करवाए गए हैं।

### सोनिया की सीट रायबरेली से प्रियंका लड़ सकती हैं

सूत्रों के मुताबिक, 2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस इस बार प्रियंका गांधी को उतारा जा सकता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आज बसंत पंचमी के दिन मनाया जाएगा सरस्वती पूजा और मातृ-पितृ पूजन दिवस, सभी स्कूलों में होगा आयोजन



रायपुर। छत्तीसगढ़ में आज 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप मनाया जाएगा। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया है। इस दिवस पर स्कूलों में विद्यार्थी एवं अभिभावकों के साथ सरस्वती पूजा के साथ मातृ-पितृ पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस पर राज्य के संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने और अपनी संस्कृति को सहेज कर रखने के लिए हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने का निर्णय लिया है।

इस वर्ष आज 14 फरवरी 'बसंत पंचमी' को सरस्वती पूजा एवं मातृ-पितृ दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिवस पर स्कूलों में विद्यार्थी एवं अभिभावकों के साथ सरस्वती पूजा के साथ मातृ-पितृ पूजन का आयोजन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आज मंत्रालय से आदेश जारी कर दिया है। मंत्री बृजमोहन ने कहा कि सीएम साय ने 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने के निर्देश दिए हैं। अपने माता-पिता का पूजन करें, पैर छूकर उनका आशीर्वाद लें। माता-पिता की सेवा और आशीर्वाद से बढ़कर दुनिया में कुछ नहीं है। जीवन में सफलता का मूल मंत्र है माता-पिता की सेवा और उनका आशीर्वाद। इसलिए बसंत पंचमी के दिन 14 फरवरी को पूरे छत्तीसग? में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया जाएगा। सभी स्कूलों, कॉलेजों के साथ ही सामाजिक संस्थाएं भी इस दिन पर विशेष आयोजन करें और बच्चों में माता-पिता के सम्मान करने उनसे आशीर्वाद लेने को कहें।

मंत्री बृजमोहन ने कहा कि पहले भी हमारी सरकार की ओर से मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया जाता था। उन्होंने कहा कि संस्कार और संस्कृति के बिना हम अच्छे नागरिक नहीं बन सकते और उसके बिना अच्छे राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में संस्कारों के बीजारोपण के लिए हमारी सरकार ने 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने का निर्णय लिया है।

# मंत्री सीधे सुनेंगे आपकी समस्या, भाजपा ने शुरू किया समस्याओं के निराकरण हेतु सहायता केंद्र



रायपुर (दावा)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं सहकारिता व वन मंत्री केदार कश्यप ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए भाजपा एक सहायता केंद्र खोल रही है जिसमें प्रदेश के मंत्रीगण एवं भाजपा प्रदेश पदाधिकारी नियमित रूप से कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में दोपहर 2 बजे से ही शाम 5 बजे तक मौजूद रहेंगे।

सहायता केंद्र में 13 फरवरी को महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज समस्याओं को सुना, 14 फरवरी को मंत्री दयाल दास बघेल व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, 15 फरवरी को मंत्री टंकराम वर्मा एवं शिवरतन शर्मा, 16 फरवरी को मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व निर्मल सिन्हा, 19 फरवरी को मंत्री रामविचार नेता व प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, 20 फरवरी को मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं मधुसूदन यादव, 21 फरवरी को मंत्री केदार कश्यप एवं सरला कोसरिया, 22 फरवरी को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, 23 फरवरी को मंत्री ओपी चौधरी एवं भरतलाल वर्मा, 26 फरवरी को उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं उद्धेश्वरी पैंकरा, 27 फरवरी को मंत्रीलखन लाल देवांगन एवं प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, 28 फरवरी को मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं शिवरतन शर्मा, 29 फरवरी को मंत्री दयाल दास बघेल एवं भूपेंद्र सवन्नी भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सहायता केंद्र में मौजूद रहेंगे।

# आज बसंत पंचमी: मां सरस्वती पूजन की बहेगी बयार

**शहर में कला/ साहित्य संगीत से लेकर पूजा-पाठ के होंगे विविध आयोजन, पूजी जाएगी ज्ञान की देवी मां सरस्वती**

राजनांदगांव (दावा)। आज माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को पूरे देश भर में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकटय दिवस माना जाता है। इसलिए कला/साहित्य व संगीत की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजन-वंदन का कार्यक्रम जगह-जगह आयोजित होगा।



कला/साहित्य संगीत से जुड़े लोग आज वीणा वादिन मां सरस्वती शारदे की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करेंगे व अपने कला/साहित्य/संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा।

शहर में सृजन संवाद में साहित्य से संबंधित आयोजन के अलावा चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र में सुर संगीत की देवी मां सरस्वती का पूजन व स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ परम पूज्य गुरूदेव श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्म दिन, विभिन्न संस्कारों के बीच पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री परिजनों सहित सनातन धार्मियों की बड़ी संख्या मं उपस्थित रहेगी।

### गुप्त नवरात्रि पर्व

बता दे कि मांघ मास के शुक्ल पक्ष की एकम से गुप्त नवरात्रि पर्व का अगाज हो चुका है। नगर की समाज सेवी महिलाओं द्वारा भवानी नगर स्थित समाजसेवी शारदा तिवारी के निवास स्थान में मातारानी की घट स्थापना कर रोजाना पूजा पाठ किया जा रहा है। आज बसंत पंचमी के दिन भवानी नगर में मां सरस्वती शारदा की पूजा-वंदना भजन-कीर्तन के साथ की जाएगी। इसी तरह शीतला मंदिर में भी गुप्त नवरात्रि के चलते माता रानी की पूजा-वंदना जारी है। आज बसंत पंचमी पर वहां मां सरस्वती शारदे की विधि-विधान के साथ पूजा होगी।

### बसंत पंचमी पर्व

पुराणों में उल्लेखित है कि इस दिन ही भगवान ने अपने तपस्या में विघ्न डालने वाले कामदेव को अपने त्रिनेत्र से जलाकर भस्म किया था। काम देव ने शिव की तपस्या भंग करने चारो ओर बसंत ऋतु का सृजन कर भगवान शिव पर काम बाण मारे थे। कामदेव के भस्म होने पर उसकी पत्नी ने भगवान शिव की आराधना कर अपने पति कामदेव को जीवित करने की मांग की थी लेकिन शिव ने उसे जीवित तो नहीं किया लेकिन हमेशा उसे दृष्टिगोचर नहीं होने की आशीष दे दी। वही कामदेव अनंग रूप से सभी ओर व्याप्त मान है। इस पौराणिक घटना की याद में चिर काल में बसंत पंचमी का पर्व मनाए जाते हुए आ रही है। कामदेव का एक नाम मदन भी है। भगवान शिव ने मदन दहन किया था। अतः उस घटना की याद में बसंत पंचमी से लेकर होली पर्व के आने तक महिने भर मदन महोत्सव पर्व मनाए जाने का विधान है।

आज के दिन गांव देहात व शहर के चौक-चौराहों में एरड के वृक्ष को गाड़कर होली के पर्व की शुरूआत की जाती है। एरड पेड के इर्द-गीद लकड़ी कंडा आदि रचने का कार्य शुरू हो जाता है। अतः आज बसंत पंचमी पर्व की छटा-चहु ओर बिखरी हुई देखने को मिल सकती है।

# रामचरित मानस के सभी पात्र प्रेरणादायी हैं - कुलबीर

**ग्राम कुसमी में आयोजित मानस गायन स्पर्धा में शामिल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष**



राजनांदगांव (दावा)। सरस्वती मानस परिवार एवं बाल निकेतन युवा संघ व समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में ग्राम कुसमी भर्रेगांव में 10 एवं 11 फरवरी को दो दिवसीय मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मानस गायन के समापन समारोह में बतौर अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष खुमान सिंह साहू ने बताया कि प्रभु रामचंद्र जी की असीम कृपा से दो दिवसीय मानस, गायन, वादन एवं टीका प्रतियोगिता का आयोजन इस पावन धरा पर किया गया है। जिसमें मानस मंडलियों द्वारा रामचरित मानस के एक-एक वाक्य को सुसज्जित ढंग से प्रस्तुत झांकी के माध्यम से मानस जन व श्रोता समाज को प्रभू से जोड़े रखा। समापन समारोह में पहुंचे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रभु की लीला अपरंपार है। इस कलयुग में राम नाम ही एक मात्र सहारा है। रामचरित मानस एक संपूर्ण महाकाव्य है इसके सभी पात्र हमें शिक्षाप्रद है। रामचरित मानस हमें सत्य और धर्म की राह पर चलने की शिक्षा देता है। प्रभुश्री रामचंद्र जी का संपूर्ण जीवन सत्य, प्रेम और समर्पण से ओतप्रोत रहा। हमर छत्तीसगढ़ माता कौशिल्या का मायका है और प्रभु श्रीरामचंद्र जी का ननिहाल है इस कारण हम भांजे का चरणवंदन करते हैं।

इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव, पार्षद मनीष साहू, आयोजन समिति के अध्यक्ष खुमान सिंग साहू, अशोक सार्बा, सुरेश साहू, भूषण साहू, श्याम कुमार साहू, लोकेश्वर साहू, तुलेश्वर दास कुंवर, परमानंद निषाद, नोखेलाल निषाद, हेमकुमार पीताम्बर, मिलन निषाद, लोकेश्वर, संजय, कंवल निषाद, पुनूराम, खोमलाल, कलाराम, दीपक कुंभकार, किशोर, हीरामन, डोमन पटेल, आकाश, तुलेश्वर, संजय पटेल, भानुप्रताप पटेल, रामलाल, पुखराज टोमन, गोविंद परस, लवकुमार, प्रवीण साहू, हरिश, पंचूराम, मिथलेश, मेहतरू, रूपचंद कुंजाम, टिकेश्वर, रमेश यादव, भंवरसिंग, कृपाराम, पुनेश्वर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### आज बसंत पंचमी पर शिवनाथ समिति का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा आज बसंत पंचमी आज 14 फरवरी को अपरान्ह 03 बजे सृजन संवाद त्रिवेणी परिसर में साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें जिले के साहित्यकार, लेखकों के द्वारा अपने - अपने रचनाओं पर आधारित वक्तव्य का प्रदर्शन किया जायेगा। इसी अवसर पर शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ.डी.सी. जैन अपनी बेटी स्मृतिशेष ममता जैन की स्मृति में ख्यातिप्राप्त डॉ.पी.सी. लाल यदु को उनकी छत्तीसगढ़ी ग्रंथ 'छत्तीसगढ़ लोक मंगल' के लिए बहुप्रतिष्ठित शिवनाथ रत्न से सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया है। नगर के गणमान्य, मनीषियों, साहित्यकारों, समिति के सदस्यों, प्रबुद्ध नागरिकों से सृजन संवाद में दोपहर 2:30 बजे तक पधारने का आग्रह किया गया है।

### निर्मला देवी का निधन



खुज्जी (दावा)। खामतराई(पिनकापार) निवासी श्रीमति निर्मला देवी ललवानी का निधन 13 फरवरी को 70 वर्ष की आयु में हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, श्रीमती ललवानी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई, उनके अंतिम संस्कार में पारिवारिक जन सहित ग्राम के व अंचल के लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### काशी विश्वनाथ मिश्रा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। 13 फरवरी कान्यकुब्ज समाज के वरिष्ठ एवं धार्मिक प्रवृत्ति के काशी विश्वनाथ मिश्रा (88) का आज निज निवास जूनी हटरी में देवलोक गमन हो गया। दिवंगत श्री मिश्रा का अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे स्थानीय लखोली मुक्तिधाम में सामाजिक बंधुओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कर दिया गया। श्री मिश्रा को उनके भतीजे गार्गी मिश्रा ने मुखाग्नि दी। स्थानीय मुक्तिधाम में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए जनसमुदाय ने श्रद्धांजली दी।

### श्रीमती सेविका सहारे का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। श्रीमती सेविका सहारे का आकस्मिक निधन दिनांक 13 फरवरी को रात्रि 12:30 बजे हो गया। इनकी अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे वार्ड नंबर 02 से निकाली गई। शोकाकुल जयराम सहारे, सुमेद सहारे, प्रमोद सहारे एवं समस्त सहारे परिवार को अपने पीछे छोड़ गई।

# छग में गौ तस्करों के हौसले बुलंद, आम आदमी के साथ सरकारी महकमें के लोगों की हो रही हत्याएं

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में गौ तस्करी अपनी चरम पर है, जहां के गौ तस्करों के मन में अब किसी प्रकार का भय नहीं बचा है। सामान्य गौसेवक तो दूर अब सरकारी महकमें के आदमी भी अपनी जान गंवा रहे हैं।



बजरंग दल प्रांत गौरक्षा प्रमुख प्रशांत दुबे ने यह दावा किया है कि तस्करों के मन से अब प्रशासन का भय पूर्ण रूप से गुजर चुका है। पूरे प्रदेश में गौ तस्करी अपने चरम पर हो रही है, प्रशासन गहरी नीद में सोया है। अभी-अभी बागनदी पुलिस की नाकेबंदी में तस्करों द्वारा रौंदे आरक्षक शिव चरण मांडवी इस बात का प्रमाण है कि यह कोचियों के हौसले बुलंद हो चुके है, जो गाड़ियां गौरक्षक अपनी जान में खेल कर पकड़ते है, उनका अता-पता ही नहीं होता, जिनकी जान जाने के बाद भी प्रशासन सुस्त और गहरी नींद में सोया है, यही कृत्य राजनांदगांव में गौ सेवा करने वाले संदीप साहू के साथ गौ तस्करों द्वारा किया गया, जिसे गौ तस्करों ने अपने लिए सफल माहौल और भयमुक्त वातावरण का परिचय दिया था। प्रशासन को चाहिए कि अब इन तस्करों पर कड़ी से कड़ी धाराओं के तहत कार्यवाही को जाए और तस्करी जैसे अपराधों पर त्वरित कार्यवाही हो, जिससे प्रदेश में एक सुरक्षात्मक माहोल का निर्माण हो।

प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार विधानसभा द्वारा तस्करी जैसे अपराधों पर कड़े नए नियम लागू करें, आउटर रास्तों को सीसीटीवी कैमरे से सुरक्षित हो, पैदल तस्करों की जांच संबंधी प्रावधान का निर्माण हो। आवश्यक रूप से तस्करी में लिप्त गाड़ियों, मालवाहक, कंटेनर को जप्त कर राजसात किया जाना चाहिए, जिससे तस्करों की कमर तोड़ी जा सके।

# सोमनी पुलिस ने सटोरियों को धर दबोचा

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने खुटेरी चौक में सट्टा लिख रहे सटोरियों को धर दबोचा है। सोमनी थाना प्रभारी कृष्णा पाटले ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर क्षेत्र में चल रहे अवैध रूप से सट्टा पट्टी की कार्यवाही हेतु धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उनके साथ उपनिरीक्षक जलालुद्दीन खान, प्रधान आरक्षक डेमन सिंह चंद्राकर, आरक्षक शाहबुद्दिन सिद्दीकी, मनोज ठाकुर, हरदास बंजारे ने मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम ठेकवा खुटेरी चौक के पास ढाबा में अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखने का कार्य चल रहा है। उक्त सूचना पर वहां दबिश दी गई। जहां राजेन्द्र कुमार सिन्हा पिता स्व0 लक्ष्मण सिन्हा उम्र 45 साल निवासी ठेकवा, को धर दबोचा गया। आरोपी के कब्जे से एक नग डांट पेन, चार नग सट्टा पट्टी एवं नगदी 3870 रूपये को कब्जे में लेकर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 की कार्यवाही की गई है।

# अग्निवीर सैनिक पदों पर भर्ती के लिए 22 मार्च तक ऑनलाईन पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय थलसेना द्वारा राज्य के अविवाहित उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सैनिक पदों पर भर्ती हेतु 22 मार्च 2023 तक ऑनलाईन पंजीयन व आवेदन आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी थलसेना के वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in में पंजीयन व आवेदन कर सकते है।



उप संचालक रोजगार एस.व्ही. राजौरिया ने बताया कि ऑनलाईन परीक्षा 22 अप्रैल के बाद होने की संभावना है। भर्ती जनरल ड्यूटी तकनीकी, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रेडमैन, महिला सैन्य पुलिस एवं नियमित कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी तथा हवलदार एसएसी के पदों हेतु होगी।

इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय, राज्यकीय शिक्षा बोर्ड, संस्था से 8वीं, 10वीं या 12वीं कक्षा, आईटीआई, इंजीनियरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण हो एवं 31 अक्टूबर की स्थिति में आयु साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई, वजन, सीना विभिन्न पदों हेतु अलग-अलग हैं। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट हेतु ऑनलाईन परीक्षा के समय टाईपिंग टेस्ट भी देना होगा। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा। भर्ती की विस्तृत जानकारी के लिए थलसेना के www.amyrecuit-ment.cg.nic.in या सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 व 2965213 तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव या कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07744-299523 से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# एनएसयूआई ने विभिन्न मांगों को लेकर पंडित किशोरीलाल शुक्ला उधानिकी महाविद्यालय घेरा

राजनांदगांव (दावा)। आज राजनांदगांव एनएसयूआई ने पंडित किशोरीलाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय में हों रही छात्रों को निरंतर परेशानियों को लेकर राजनांदगांव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महाविद्यालय का घेराव किया।



एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने महाविद्यालय के छात्रों की मांगों को लेकर कहां की पिछले चार वर्षो से महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम नहीं हुआ है ना ही छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण में ले जाया जा रहा है यूनिवर्सिटी के नियम अनुसार फरवरी माह के 10 तारीख तक महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन होना चाहिए किंतु महाविद्यालय प्रशासन इस प्रोग्राम को टाल रही थी जिससे छात्रों में अत्यधिक आक्रोश था जिला अध्यक्ष ने महाविद्यालय के डीन को तत्काल वार्षिक उत्सव कराने को कहां अन्यथा एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगी जिसकी जवाबदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। एनएसयूआई प्रदेश सचिव आदित्य वैष्णव और महाविद्यालय के छात्र एनएसयूआई जिला सचिव जयंत पटेल ने कहां की बार-बार छात्रों द्वारा एनएसयूआई के बैनर तले ज्ञापन देकर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम कराने और शैक्षणिक भ्रमण में ले जाने की बात कही परंतु महाविद्यालय प्रशासन इन मांगों को गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही थी जिससे एनएसयूआई ने आज महाविद्यालय में प्रदर्शन कर तत्काल इन मांगों को पूरा करने की बात कहीं।

एनएसयूआई प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव और महाविद्यालय की छात्रा चित्रलेखा यादव ने कहां की महाविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में महीनों तक साफ सफाई नहीं होती हैं और छात्रों को प्रेक्टिकल भी नहीं कराया जा रहा है विभिन्न मांगों को तत्काल प्रभाव से करने के लिए छात्रों ने महाविद्यालय के डीन को कहां अन्यथा एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी जिसकी जवाबदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

उक्त प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, एनएसयूआई प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव, प्रदेश सचिव आदित्य वैष्णव, विधानसभा अध्यक्ष उज्जवल निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष मोहित कोचरे, आईटी सेल अध्यक्ष हर्ष साहू, ब्लॉक अध्यक्ष साहिल वर्मा, जिला सचिव जयंत पटेल, महाविद्यालय अध्यक्ष हेमंत साहू, देवेंद्र चंद्राकर, फ्लेश वर्मा, चित्रलेखा यादव, हिमांश निर्मलकर, भीषम साहू, लेखराज साहू, युवराज पटेल, हुलेंद्र राजपूत, विकास उइके, अनीश केशरवानी, प्रिंस और सैकड़ों की संख्या में एनएसयूआई के पदाधिकारी और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# ग्राम परिक्रमा यात्रा का हुआ शुभारंभ



राजनादगांव (दावा)। भाजपा जिला कार्यालय में राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश व जिला किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से संदेश को सुना, ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मुजफ्फरपुर जिले के शुक्रताल में आज ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम का शुरुआत की गई।

इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल, राजेंद्र गोलछा, हिरेन्द्र साहू, घासीराम साहू, मनीष गोलछा बोधीराम साहू, तामेश्वर साहू, चेतन साहू, किशन साहू एवं किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत

**गांव के जीरो शहर मा हीरो**

(छत्तीसगढ़ी भाषा में)

कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानंद आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

**SILVER SCREEN Multiplex**

09th Feb to 15th Feb 2024




Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:30,03:15,03:30,06:30,09:15 & 09:30 pm

Eagle (Hindi)- 06:15 pm

Gaon Ke Zero Sahar Ma Hero (Chhattisgarhi)- 12:15 pm

Fighter - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# दिग्विजय कॉलेज में 5, 6 मार्च को नारी विमर्श पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 5 मार्च को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नारी विमर्श विषय पर बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी विभाग का यह प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार है। इस सेमिनार के विषय विशेषज्ञ डॉ.श्वेता दीप्ति, त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल, डॉ.नीलम जैन, साहित्यकार अमेरिकाए डॉ.विवेकमणि त्रिपाठी, चीन एवं डॉ.मृणाल शर्मा ऑस्ट्रेलिया होंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ डॉ.जया जादवानी, कैलाश बनवासी, डॉ.राजन यादव एवं डॉ.मधुलता बारा जी जैसे शिक्षाविद् एवं साहित्यकार उपस्थित रहेंगे। बहुविषयक सेमिनार होने के कारण इसमें अकादमिक और गैर अकादमिक क्षेत्र से जुड़े लोग पंजीयन कर सम्मिलित हो सकते हैं।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-5-0
126-9 124-7
राजधानी
1-6-9
556-6 677-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### मिलिंद मेश्राम का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। विजय मेश्राम एवं टिंकू मेश्राम के भाई मिलिंद मेश्राम का आज स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम शव यात्रा कल सुबह 11:00 बजे उनके निवास स्थान मिसियाबाड़ा वार्ड नंबर 9 से छीरपानी मुक्तिधाम ले जाई गई। शव यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक गण उपस्थित रहे।

**//आम सूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा श्री सुमित जायसवाल आ. श्री ओमप्रकाश जायसवाल, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी- कामठी लाईन, ओम डेन्टल क्लीनिक, वार्ड नं. राजनॉदगाँव, तहसील व जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.) के स्वामित्व एवं हक की आवासीय भूमि/प्लॉट जो स्थान- चिखली, पेट्रोल पंप के पास, प.ह.नं. 39, ओ.पी. चिखली, राजनांदगांव, तहसील एवं जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा नम्बर- 75/4, रकबा 0.0026 हेक्टेयर (281 वर्गफीट) है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है और पंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाना शेष है। उक्त संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, बैंक, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो वे उक्त प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त पन्द्रह दिवस की अवधि के पश्चात की गयी कोई भी आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी, अवधि अवसान पश्चात मेरा पक्षकार पंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने हेतु स्वतंत्र होगा।

अतएव सूचना जाने।

**शेख शकील अहमद**
"एडव्होकेट" निवास एवं कार्यालय-
तुलसीपुर, वार्ड नं. 17, जिला- राजनांदगांव
(छ.ग.) मोबाईल नम्बर- 99932-86587

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// निविदा सूचना //**

क्रमांक 1721/निविदा/लोक/2023-24, राजनांदगांव, दिनांक 09/02/2024

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 01 बजरंगपुर नवागांव मे जीम समाग्री कय करने का कार्य | 2.00 | 4/03/2024 |
| 2 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं. 03 रविदास सामुदायिक भवन का मरम्मत कार्य | 3.00 | |
| 3 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं. 03 चंदन नगर स्थित सामुदायिक भवन मे मरम्मत कार्य | 1.00 | |
| 4 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 03 मोतीपुर के सामुदायिक भवन में मरम्मत कार्य | 3.00 | |
| 5 | पार्षद निधि से वार्ड कं. 03 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1.99 | |
| 6 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं. 08 मोतीपुर में पी.सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण | 3.00 | |
| 7 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं. 08 मोतीपुर शीतला गली मे नाली मरम्मत कार्य | 2.14 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http:://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आ.क्रं.249/जसं /2024

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

# क्रिकेट का रोमांच : अनोखे नियमों वाली पी-4 सद्भावना रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज 17 फरवरी से



राजनांदगांव (दावा)। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक के द्वारा आयोजित होने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 17 से 24 फरवरी तक स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में खेली जायेंगी। अपने अनोखे नियमों को लेकर चर्चा में रहने वाली स्पर्धा का यह चौथा वर्ष है, जिसमें सभी वर्गों की भागीदारी होती है।

**0 सभी में बनी रहे सद्भावना यही उद्देश्य**

प्रतियोगिता अपने अनोखे नियमों व खिलाड़ियों के साथ ही आम नागरिकों में भी सद्भावना बनी रहे, इसी उद्देश्य को लेकर प्रारंभ की जा रही है। यह आयोजन का चौथा वर्ष है, इस स्पर्धा में जो नियम बनाये गये वह भी सभी में सदभाव बना रहे, इसी उद्देश्य को लेकर बना है।

**0 स्पर्धा के है अनोखे नियम**

कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित आयोजन समिति की बैठक में इस वर्ष की स्पर्धा के लिए नियमों को अंतिम रूप दिया गया। इसमें बल्लेबाज द्वारा छक्का मारने पर एक रन ही दिया जायेगा। वहीं बल्लेबाज पारी के आखिरी ओव्हर के किसी भी एक गेंद में छक्का मार सकेंगे। मैच में नो बॉल पर फ्री हीट में भी यदि बल्लेबाज छक्का मारता है, तो एक ही रन दिया जाएगा। एक बल्लेबाज दस गेंद ही खेल सकेंगे। स्पर्धा के लीग राउण्ड के मैच 8-8 ओव्हर के एवं सेमीफायनल व फायनल मैच 10-10 ओव्हर के खेले जायेंगे। स्पर्धा के मैच रात्रिकालीन दूधिया रौशनी में खेले जाएंगे।

**o आयोजन समिति के सदस्यों ने मैदान का किया निरीक्षण**
**o आयोजन की तैयारियों को लिया जायजा**

आयोजन की तैयारियों को लेकर आज मंगलवार को अपरान्ह 4 बजे आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारियों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों ने दिग्विजय स्टेडियम पहुंचकर मैदान में तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन को अंतिम रूप दिया।

क्रिकेट पिच, आऊट फील्ड, बाऊंड्री के साथ ही खिलाड़ियों और दर्शकों को सुविधा हो इस बात का ध्यान रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश मैदान निर्माण करने वाले सदस्यों को दिए। इन तैयारियों के संबंध में संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी दिग्विजय स्टेडियम खेमलाल वर्मा, एसडीएम अरूण वर्मा, ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा, डीसीए के सचिव योगेश बागड़ी, प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र मिश्रा, संदीप साहू, गणेश प्रसाद शर्मा (गन्नू), एबीस ग्रुप के वसीम खान, राम ठक्कर, तीरथगिरी गोस्वामी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# बजट हेतु 20 फरवरी तक सुझाव देकर नगर विकास में सहभागी बनने महापौर ने की अपील



**मेयर हेल्प लाईन नं. 07744 222214 एवं निगम के सुझाव पेटी में दे सुझाव**

राजनांदगांव (दावा)। वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुमान पत्रक (बजट) के लिये नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। जिसमें गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर विकास के लिये नागरिकों के सुझाव आमंत्रित किया जाना है। जिसके लिये मेयर हेल्प लाईन नं. 07744-222214 एवं निगम सुझाव पेटी में 20 फरवरी तक सुझाव आमंत्रित किया गया है।

बजट के संबंध में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने बताया कि नगर निगम राजनांदगांव के इस वित्तीय वर्ष के बजट में भी नागरिकों के सुझावों को समावेश किया जाना है। जिसके लिये गत वर्ष की तरह नागरिकों का सुझाव बजट हेतु आमंत्रित किया जाना है।

सुझाव में नगर को व्यवस्थित सुंदर एवं विकास परख बनाने का उल्लेख हो। अतः बजट 2024 सुझाव हेतु मेयर हेल्प लाईन नं. 07744-222214 एवं निगम सुझाव पेटी के माध्यम से 20 फरवरी तक सुझाव आमंत्रित किया गया है। उन्होंने शहर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं, उद्योगपतियों, पत्रकार बंधुओं से अपील की है कि निर्धारित तिथि तक उपरोक्त माध्यम अनुसार सुझाव देकर नगर विकास में सहभागी बने।

# भाजपा का गांव चलो घर-घर चलो अभियान लखोली में आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गांव चलो घर-घर चलो अभियान तहत लखोली के बुथ क्रमांक 63 में प्रवास किया गया। प्रभारी के रूप में पहुंचे संतोष निर्मलकर ने बुथ समिति का सत्यापन एवं प्रदेश संगठन द्वारा निर्देशित 18 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को चार्ज किया। इस अवसर पर लाभार्थियों, नव मतदाताओं और वरिष्ठजनों से मुलाकात कर भाजपा को आने वाले लोकसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से अभियान के बुथ प्रभारी संतोष निर्मलकर, दक्षिण मंडल उपाध्यक्ष मांगन दास साहू, बुथ अध्यक्ष डिलेश्वर साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक कल्लू राम गुरुजी, शत्रुहन साहू, छबिलाल साहू, लखन लाल, हीरा साहू, दया राम, दिनेश साहू, लल्लू नेताम, पुर्वा साहू, तेजस्विनी साहू, लीला बाई साहू एवं योगेश साहू आदि मौजूद रहे।

# शहर के आंतरिक क्षेत्रों में आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सफाई का किया निरीक्षण



**जमातपारा एसएलआरएम सेन्टर में कचरा पृथककरण नियमित रूप से नहीं होने पर जुर्माना लगाने के दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः तकनीकी व स्वास्थ्य अधिकारी के साथ वार्ड नं. 24 एवं 25 के जमातपारा, सोनार पारा, शीतला मंदिर क्षेत्र में साफ सफाई का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से चर्चा कर निर्धारित समय तक सफाई करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता जमातपारा एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में रखे कचरा का भण्डारण देख सेन्टर प्रभारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को संबंधित पर जुर्माना करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कचरा पृथककरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी। घर घर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदी घर से ही गिला एवं सुखा कचरा अलग-अलग लेवे, इसके लिये लोगों को समझाईस देवे। साथ ही यूजर चार्ज की वसूली शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने हाजरी रजिस्टर चेक कर अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कार्यपालन अभियंता यू.के.राटेके से कहा कि एसएलआरएम सेन्टरों के कम्पोस्ट मशीन को दुरूस्त करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने जमातपारा, सोनारपारा में सफाई देख सफाई कर्मियों से चर्चा कर कहा कि निर्धारित समय तक साफ-सफाई करें, प्रतिदिन कचरा उठावे, मंदिर परिसर में गंदगी न फैले इसका विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा से कहा कि नेहरू उद्यान में भी समय समय पर साफ सफाई कराकर कचरा उठावे तथा बुढ़ा तालाब के आसपास साफ सफाई करावे। गत दिवस वार्ड नं. 22 व 23 में भी सफाई निरीक्षण के दौरान उन्होंने गलियों, सड़कों एवं नालियों की नियमित सफाई करने के निर्देश दिये थे, इसके अलावा एसएलआरएम निरीक्षण में कचरा पृथककरण तथा खाद निर्माण की जानकारी लेकर खाद निर्माण में तेजी लाने निर्देशित किये थे।

आयुक्त श्री गुप्ता निर्माण कार्य निरीक्षण की कड़ी में लालबाग में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य देख कार्य में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। शीतला मंदिर के पास स्थित नेहरू उद्यान निरीक्षण के दौरान मरम्मत कार्य देख स्लाईडर चेजकर उसके पास रेत डालने के निर्देश दिये। उन्होंने सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम से कहा कि समय समय में उद्यान का मेटनेंश कर व्यवस्थित रखे। निरीक्षण में उपअभियंता अशोक देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी उपस्थित थे।

# अहमदाबाद में राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक मीट में शामिल होने जिले की टीम हुई रवाना



राजनांदगांव (दावा)। गुजरात के अहमदाबाद में राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक मीट में शामिल होने के लिए राजनांदगांव जिले की टीम एनआईएस कोच कामता प्रसाद यादव और टीम मैनेजर अनिल साहू के नेतृत्व में आज अहमदाबाद एक्सप्रेस से अहमदाबाद के लिए रवाना हुई 15 सदस्य टीम अहमदाबाद में आयोजित होने जा रहे 16 से 18 फरवरी के मध्य आयोजनों में अंडर 16 और अंदर 14 के बालक भाग लेंगे स्टेशन पर जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष विवेक शुक्ला जिला हांकी संघ के सदस्य एवं एनआईएस कोच अनुराग श्रीवास्तव जिला एथलेटिक संघ के सचिव रणविजय प्रताप सिंह और महेश्वर जंगल उपस्थित होकर टीम के खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित की और छत्तीसगढ़ का एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए आशीष दिया।

# बजरंग सेना की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

राजनांदगांव (दावा)। बलभद्री जमात मंदिर में बजरंग सेना की बैठक आज आयोजित की गई। इस बैठक में बजरंग सेना के राष्ट्रीय महासचिव अशोक शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबा देवनाथ दास शास्त्री एवं बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे की अनुशंसा पर जिला उपाध्यक्ष राजू वर्मा, जिला महामंत्री अशोक निर्मलकर, जिला प्रभारी नितेश यादव, जिला संयोजक तामेश्वर साहू, जिला सचिव ढालेश वैष्णव, जिला संगठन मंत्री लाल मुनई, जिला सचिव एवं कानून मंत्री अशोक श्रीवास, जिला सहसंयोजक गीतेश गुप्ता, जिला मिडिया प्रभारी सुशील तिवारी एवं राजकमल ध्रुव, जिला संरक्षक शिव वर्मा एवं दुर्गेश यादव को मनोनीत किया गया। जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीगणों को राष्ट्रीय महासचिव अशोक शर्मा ने बधाई देते हुए बजरंग सेना के कार्यों से अवगत कराया गया एवं बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष बाबा देवनाथ दास शास्त्री ने आशीर्वाद देते हुए बधाई दी एवं बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे ने बजरंग सेना के नियमों से अवगत कराया एवं सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी पदाधिकारी हिन्दू धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे एवं जो भी हमारी हिन्दू संस्कृति को ठेस पहुंचाने की कोशिश करेगा उसे हम कदापि बर्दास्त नहीं करेंगे। इस उद्घोषणा के पश्चात पूरा माहौल बजरंगबली के नाम से गूंज उठा एवं सभा कार्यकर्ताओं ने श्री राम जी के जयघोष से पूरा माहौल राम मय हो गया।

इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला सहसंयोजक राजकुमार ठाकुर एवं अन्य बजरंगी भारी संख्या में उपस्थित थे।

# मन को जीतना ही बड़ा हुनर है- इंजी. नीरज बाजपेयी



डोंगरगांव (दावा)। बेहतर सोच कर ही आप जीवन में श्रेष्ठ कर सकते हैं। यदि नकारात्मक विचारों से दूर रहा जाए तो मन को आसानी से एकाग्र किया जा सकता है। अपना मूल्य आंक कर ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश होनी चाहिए। 'उक्त विचार संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं शिक्षाविद इंजी. नीरज बाजपेयी ने नीरज विद्या मंदिर, मोहड़ में आयोजित ब्लेसिंग सेरेमनी समारोह में रखे।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिस तरह से सोचते हैं ठीक उसी तरह से हम बनते चले जाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। संस्था प्राचार्या सुश्री अंजु मजहान ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि चुनौतियों का सामना करते हुए ही अपने आपको प्रखर बनाया जा सकता है। उन्होने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर भी अपना मार्गदर्शन बच्चों को दिया। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने कहा कि विद्यार्थियों को खुद पर भरोसा होना चाहिए। अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए अपना लक्ष्य तय करलेना चाहिए। बच्चों को संघर्ष सेना घबराने की सीख भीदी। कार्यक्रम के तहत कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए ग्यारहवीं (विज्ञान/वाणिज्य) के बच्चों ने कई उद्देश्यपूर्ण एवं मनोरंजक कार्यक्रम रखे थे। म्यूजिकल चेयर, पेपरडांस, बलूनबस्ट आदि मनोरंजक कार्यक्रमों में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। 12वीं के विद्यार्थियों ने संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के प्रतिकृतज्ञता ज़ाहिर की और अपने अपने संस्मरण भी सुनाए। कार्यक्रम को संस्था के शिक्षकों ने भी संबोधित किया और बच्चों को बेहतर करने की शुभकामनाएँ दीं। सीनियर्स को आकर्षक स्मृति चिन्ह संस्था द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित एवं प्रशासक जी राम सिन्हा की प्रेरक उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम का समापन केक कटिंग से हुआ।

# महतारी वंदन योजना के फार्म भरने महिलाओं में दिखा भारी उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वालम्बन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार लाने हेतु महतारी वंदन योजना-2024 लागू किया गया हैं जिसके लिए महिलाओं में भारी उत्साह हैं। प्रदेश भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य एवं रामकृष्ण वार्ड 45 के पार्षद गगन आईच ने बताया कि भाजपा सरकार ने महिलाओं और माताओं से वादा किया था कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही महतारी वंदन योजना शुरू की जाएगी। राज्य सरकार ने उस गारंटी को पूरा किया हैं, इसी के तहत रामकृष्ण वार्ड नंबर 45 में फार्म भरने को लेकर महिलाओं एवं माताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा हैं। वार्ड के विभिन्न केंद्रों को मिलाकर लगभग एक हजार से ऊपर हितग्राहियों ने अपने - अपने फार्म भर चुके हैं, हितग्राहियो को असुविधा ना हो इसके लिए अनेक केंद्र बनाये गये हैं जहाँ पात्रता के अनुसार फार्म भरवाने के साथ - साथ फार्म संकलन का कार्य भी किया जा रहा हैं लगातार पार्षद गगन आईच के माध्यम से वार्ड में इसका शिविर लगाया जा रहा है हितग्राहियों से अपील है शिविर में आकर अपना फार्म जमा करें योजना का लाभ ले पात्र महिलाओं से अपील की हैं कि इस महत्वकांक्षी महतारी वंदन योजना के फार्म भरने संबंधी कार्य आगामी 20 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा, शासन के निर्देशानुसार ऐसे हितग्राही जो इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्रता रखते हैं वे आवश्यक दस्तावेज लेकर निर्धारित केंद्र मैं आकर अपना फार्म भरनें का कार्य सुनिश्चित कर सकते हैं। इस योजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माया मेश्राम, प्रभा धनकर, दीपिका ठाकुर, गंगोत्री साहू, अंबिकाजी का विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री साय का पहला पेपर लेंस डिजिटल बजट सर्वहितैषी व परोपकारी - आलोक बिंदल



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के प्रथम पेपर लेंस डिजिटल बजट को सर्व हितैषी व परोपकारी बजट बताते हुए जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल ने कहा कि भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए तथा बगैर कर बढ़ाए जो बजट प्रस्तुत किया गया वह सराहनीय है। इससे प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दूर दृष्टि झलकती है।

श्री बिंदल ने कहा कि अपने संभाषण में अभी तो मीलों दूर चलना है कहने वाले वित्त मंत्री श्री चौधरी ने जहां एक ओर प्रदेश के गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं व सभी वर्गों की चिंता की है वहीं शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क, बिजली पानी उर्जा के क्षेत्र में सभी का ध्यान रखा है। पिछली सरकार की बजट की तुलना में 20 प्रतिशत वृद्धि वाली भाजपा सरकार की इस बजट में सभी वर्ग के लोगों को राहत दिया है। गरीबों के लिए 5 लाख रुपए तक के इलाज के लिए शहीद वीर नारायण आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी है वहीं किसानों को 5 एच पी तक मोटर पंप के लिए निःशुल्क बिजली और आम जनों के लिए 400 यूनिट तक मुफ्त बिजली का प्रावधान किया है। इस तरह प्रदेश की जीडीपी को बढ़ा कर डबल किया जाना, धर्मनगरी डोंगरगढ़ को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किये जाने कि प्रस्ताव और शक्तिपीठ उन्नयन के क्षेत्र में इसे जोड़ा जाना है। निश्चय ही प्रशंसनीय है। वित्त मंत्री जी ने प्रदेश में 596 पदों पर डाटा एंट्री ऑपरेटर की व्यवस्था के प्रस्ताव, कम्प्यूटर प्रणाली से भवन निर्माण, सिटी डेवलपमेंट हेतु 10 करोड़, इलेक्ट्रिक वाहन हेतु 703 करोड़ का प्रावधान कर हरियर योजना को बढ़ावा देने की व्यवस्था शिक्षा व्यवस्था, छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थान को बढ़ावा, संगीत महाविद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने सहित, 60 करोड़ रुपए से किसान वृक्ष मित्र योजना। एक हजार करोड़ से कैम्पा योजना, प्रदेश को उन्नति के शिखर पर ले जाने वाला सिद्ध होगा। राजनांदगांव में साइबर पुलिस की स्थापना, पुलिस को अपने थाना क्षेत्र में रहने की व्यवस्था, श्रमेव जयते पोर्टल योजना इस बजट की विशेषता है। यही नहीं महिलाओं को एक हजार 400 करोड़ की पेंशन योजना व 30 करोड़ 50 लाख से शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन, भूमिहर किसान, मजदूर, दिव्यांग जनों को दिनदयाल उपाध्याय योजना से उपकृत करने व युवाओं के लिए इन्वेंटर छत्तीसगढ़ प्रारंभ किया जाना। राज्य के अस्पतालों को गुणवत्ता युक्त बनाने 12 करोड़ का प्रावधान व उद्योग को बढ़ावा देने इंडस्ट्रियल कारीडोर का विकास, नई उद्योग नीति जारी किए जाने का प्रस्ताव लाया जाना व राजनांदगांव के मेडिकल कालेज हास्पिटल-पेंड्री में ट्रामा सेंटर, कटघोरा से डोंगरगढ़ तक रेल लाइन का विस्तार से इस क्षेत्र के विकास का द्वार खोलने के लिए सहायक सिद्ध होगा।

# आज से युगान्तर में प्रवेशोत्सव



**बसंत पंचमी में विद्यारंभ संस्कार के जरिये को होगा विद्यार्थियों का एडमिशन विशेष रियायत के साथ**

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में आज 14 फरवरी को प्रातः 9 बजे संस्था में नए प्रवेश लेने वाले प्री प्राइमरी और प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया है। इस दौरान संस्था के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल एडमिशन लेने वाले बच्चों और उनके पालकों का स्वागत करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना ही युगांतर का प्रमुख उद्देश्य रहा है। इसके लिए संस्था हर संभव प्रयास कर रही है। आगे उन्होंने पालकों को यह विश्वास दिलाया कि संस्था में बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए हर तरह की सुख-सुविधाएँ उपलब्ध है। विद्यालय में एसी क्लास रूम, एसी बस सुविधा, मल्टीपल डिसिप्लिन एप्रोच, ब्रेन स्टार्मिंग, एफ एल एन सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा एनईपी गाइड लाइन के अनुसार विद्यालय संचालित हो रहा है, जिसमें विद्यार्थी दसवी व बारहवी बोर्ड के साथ साथ विविध विषयों के ओलंपियाड में नेशनल व इन्टरनेशनल रैंक अर्जित कर रहे हैं। इस साल सीबीएसई बारहवी बोर्ड में छात्रा तन्वी बिंदल ने 99 प्रतिशत अंक अर्जित करके पूरे भारत में तृतीय स्थान पर रही। सीबीएसई दसवी बोर्ड मे वेन्या असाटी ने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में युगांतर के ध्वज को फहराए रखा। साइबर ओलंपियाड की विश्व स्तरीय परीक्षा में कार्तिक नायर ने विश्व में प्रथम आकर एक नया इतिहास रचा। मान्या पारख ने विश्व स्तरीय इंग्लिश ओलंपियाड में विश्व में प्रथम आकर पुनः ऐतिहासिक कीर्तिमान रचा। मैथ्स ओलंपियाड में श्रेणिक कोठारी, आराध्या कुमार, शब्दिता शर्मा ने इन्टरनेशनल रैंक चतुर्थ प्राप्त किया। आभा खंडेलवाल, आकांक्षा पोद्दार, अनिकेत पोद्दार, अपूर्वा बख्शी ने नीट एक्जाम में शानदार प्रदर्शन किया। ये सभी विद्यार्थी शासकीय मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत है। इसी कड़ी में सीए फाउंडेशन में तन्वी बिंदल, गुरशीन कौर बग्गा, उत्कर्ष गंगवानी ने प्रथम प्रयास में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी तरह सीए फाउंडेशन में मौलिक जैन, ऋतिका जैन, रीति जैन, दीशिका मोटलानी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करके नया कीर्तिमान रचा। स्पोर्ट्स, म्यूजिक, डांस, आर्ट, क्राफ्ट में भी बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यही नहीं यहाँ के बच्चे विभिन्न पाठ सहगामी गतिविधियों के जरिये अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर रहे हैं। छोटे बच्चों के लिए किड्स जोन बनवाया गया है। अटल टिकरिंग लैब मे बच्चे अपने रोबोटिक्स ज्ञान को आगे बढ़ा रहे हैं। जेईई, नीट, सीए की कोचिंग की सुविधा कैंपस में ही उपलब्ध है। इस वर्ष भारत सरकार ने खेलो इंडिया की बास्केटबॉल एकेडमी का भी निर्माण किया है। यहाँ के बच्चे नेशनल बास्केटबॉल में अनेको बार चैम्पियनशिप कब्जा करके युगांतर के ध्वज को अनन्त आकाश में फहराए रखा है। स्मार्ट इंटरएक्टिव टच बोर्ड, अटरेक्टीव प्री प्राइमरी व प्राइमरी क्लास रूम की भी विशेष सुविधा है। उन्होंने आगे बताया कि विद्यालय में बसन्त पंचमी के अवसर पर विद्यारंभ संस्कार के जरिये नए एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियो से अक्षर ज्ञान पूजन कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आज 14 फरवरी से आगामी 29 फरवरी तक एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए एडमिशन फीस में विशेष छूट प्रदान की जाएगी। नर्सरी से केजी टू तक विद्यार्थियों को एडमिशन फीस में 5500 रूपए तथा कक्षा पहली से बारहवी तक के विद्यार्थियों को 8000 रूपए विशेष छूट मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय संस्कृति के अनुसार बसंत पंचमी को माता सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ था। इस दिन विद्यारंभ संस्कार होने से विद्यार्थी के ऊपर माता सरस्वती की विशेष कृपा बरसती है। युगान्तर भारतीय संस्कृति के साथ-साथ विद्यार्थियों को सभ्य नागरिक बनाने की दिशा में अग्रसर है। इस दिशा में युगांतर ने अपनी 27 सालों की यात्रा में सुन्दर मुकाम हासिल किया है। यहाँ अध्ययन किए हुए बच्चे देश-विदेश में कई बड़े पदों पर सुशोभित हैं। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव की नौनिहालों को बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने शाला प्रवेशोत्सव की सभी नए एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी है और उन्होंने एडमिशन शुल्क में विशेष छूट लाभ लेकर अधिकाधिक एडमिशन लेने का अनुरोध किया है।

## अनमोल दावा

> लंबी छलांगों से कही बेहतर है निरंतर बढ़ते कदम... यही एक दिन आपको मंजिलब तक ले जाएंगे

# उथल-पुथल के बीच नीतीश ने जीती सत्ता की बाजी, बिहार की सियासत में सिद्धांत और नैतिकता की अहमियत

बिहार में सोमवार को विश्वास मत प्रस्ताव से पहले विधानसभा में जाते सीएम नीतीश कुमार और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव। बिहार में सत्ता का संग्राम अब फिर अपने एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। विधानसभा में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राजग ने विश्वास मत हासिल कर लिया। एक सौ उनतीस विधायकों ने उसके पक्ष में मत दिया, जबकि विपक्ष ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस तरह नीतीश कुमार अब फिर से भाजपा और अन्य कुछ दलों के सहयोग से नई सरकार चलाएंगे। मगर इस बीच पिछले कुछ दिनों में सत्ता को लेकर जिस तरह की उठापठक, खींचतान और उथल-पुथल हुई, उससे यही जाहिर हुआ कि राजनीति में अब सिद्धांत और नैतिकता की अहमियत लगभग नहीं रह गई है।

गौरतलब है कि पिछले महीने तक नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल के साथ बने गठबंधन की सरकार चला रहे थे, मगर अचानक उन्हें लगा कि पुराने सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के साथ जाना ज्यादा बेहतर है। अब विधायकों की संख्या के समीकरण के मुताबिक भाजपा और राजग में शामिल अन्य दलों के सहयोग से उन्हें विधानसभा में नई सरकार चलाने के लिए पर्याप्त बहुमत मिल गया है। वहीं टक्कर देने की गुंजाइश के बावजूद राजद और उसके सहयोगी दलों ने विश्वासमत में हिस्सा न लेना ही बेहतर समझा।

हालांकि राजद नेता तेजस्वी यादव को अंदाजा हो गया था कि उनके पास सरकार पलटने के लिए पर्याप्त समर्थन नहीं है। अब वे नीतीश कुमार के बार-बार पाला बदलने और सैद्धांतिक अस्थिरता को मुद्दा बना रहे हैं, तो नीतीश विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के रुख का हवाला दे रहे हैं।बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले चला लुकाछिपी का खेल, कुछ रूठे ने बदला पाला, 10 पॉइंट्स में जानें क्या-क्या हुआ? सवाल है कि राजनीति की बिसात पर सत्ता के दांवपेच में उलझे नेताओं और दलों की बदलती निष्ठा के बीच वह आम जनता क्या करे, जो किसी विचारधारा, सिद्धांत, मुद्दे और नेतृत्व के प्रभाव में अपना समर्थन जाहिर करती है। पाला बदलने के लिए सभी दलों के अपने-अपने तर्क होते हैं और सभी को यही लगता है कि ईमानदारी की कसौटी पर सबसे खरे वही हैं। विडंबना है कि पार्टियां सत्ता पर काबिज होने या उसका हिस्सेदार बनने के लिए सिद्धांत और नैतिकता की व्याख्या अपनी सुविधा के मुताबिक करके उसे सही घोषित कर देती हैं, मगर आम जनता के बीच न केवल इसे लेकर भ्रम और दिशाहीनता की स्थिति पैदा होती, बल्कि कई बार वह खुद को लाचार और ठगा हुआ महसूस करती है।

# नव जागृति पर्व- मदनोत्सव



प्रतिवर्ष माघ महीने के शुक्ल पक्ष के पांचवी तिथि को नव जागृति पर्व 'बसंत पंचमी' के नाम से मनाने की प्राचीन परंपरा है। ऋतुओं में सर्वश्रेष्ठ बसंत ऋतु के दौरान पशु-पक्षी, पेड़-पौधे सहित समस्त सृष्टि में उमंग-उत्साह-उल्लास की ध्वनि गुंजित होती है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में बसंत ऋतु को ऋतुओं में सर्वश्रेष्ठ और स्वयं को बसंत कहा है।

पौराणिक कथानुसार बसंत पंचमी के दिन ही सृष्टि में ध्वनि की उत्पत्ति हुई थी। सृष्टि के जनक ब्रह्मा जी ने कीट-पतंगे से लेकर विशालकाय जीव जंतुओं और नन्हें नन्हें पौधों से लेकर बृहदाकार पौधों की रचना की थी। सुंदर सृष्टि की संरचना उपरांत ब्रह्मा जी को बोध हुआ कि सृष्टि में सन्नाटा है। पूरी सृष्टि मौन है, कहीं कोई कलरव, कोलाहल नहीं है, जिससे चहूंओर उल्लास के बजाय उदासी छाई हुई है। ऐसी मनहूसियत को दूर करने और समूचे वातावरण में उमंग जागने के लिए ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल से जल लेकर वायुमंडल में छिड़क दिया था। जिससे चार भुजाओं वाली मनोहरी देवी सरस्वती अवतरित हुई थीं। उनके हाथों में पुस्तक, माला, वीणा सुशोभित हो रहे थी।

ब्रह्मा जी ने सृष्टि में नाद, ध्वनि की उत्पत्ति करने का आग्रह नव अवतरित वीणाधारी देवी से किया। तब देवी ने वीणावादन कर वीणा के मधुर नाद से सृष्टि में कोलाहल, कल-कल, सरसराहट, कलरव की उत्पत्ति की। सजीव निर्जीव समस्त चीजों में स्वर-नाथ-वाणी की उत्पत्ति करने वाली देवी का नाम वाग्देवी रखा गया।

बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती का जन्म हुआ अतः इस दिवस को बागेश्वरी जयंती, मदनोत्सव, ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। बसंत पंचमी को अवतरित श्वेत वस्त्र धारी सरस्वती देवी श्वेत सुंदर हंस पक्षी पर विराजमान होती हैं। पीले श्वेत पुष्प, नैवेद्य, वस्त्र और वीणा सहित अन्य संगीत वाद्य यंत्र देवी को प्रिय हैं।



आज बसंत पंचमी विशेष

धार्मिकता की दृष्टि से ही नहीं अपितु इतिहास, साहित्य जगत में भी बसंत पंचमी का दिवस अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस है। पौराणिक कथानुसार प्रभु श्री राम ने भीलनी शबरी के घर पहुंच कर इसी दिवस पर ममता भरे झूठे बेर खाए थे। महापराक्रमी राजा भोज की जयंती दिवस भी यही है। इतिहास में यह दिवस को विशेष ख्याति प्राप्त है, चूंकि इसी दिवस पर शूरवीर महाराज पृथ्वीराज चौहान ने शब्द भेदी बाण चलाकर क्रूर बादशाह मोहम्मद गौरी को मारा था।

हिंदी साहित्य जगत के अमरविभूति महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म बसंत पंचमी के दिन ही हुआ था। निराला जी ने 'वर दे वीणा वादिनी वर दे' जैसे कालजई सरस्वती वंदना की रचना की थी। वे खुले दिल से धन वस्त्र निर्धनों को दान दिया करते थे। इसलिए निराला जी को महामानव 'महाप्राण' भी कहते हैं। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय का शुभारंभ बसंत पंचमी के दिन ही किया था।

वर्ष के बारह माह में से बसंत पंचमी की तिथि को अति पवित्र दिवस का दर्जा प्राप्त है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिवस पर 'मूत्वा मुहूर्त' होता है। ऐसे अबूझ मुहूर्त में विवाह, गृह प्रवेश, वाहन क्रय, कान नाक छेदन, शिक्षारंभ, अन्नप्राशन जैसे मांगलिक कार्यों का निष्पादन किसी समय शुभ मुहूर्त देखे बिना किया जा सकता है अर्थात इस दिवस का हर पल शुभ होता है। निर्धन छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री दान देने की प्रथा भी इस दिवस पर है।

बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र धारण कर पीले खाद्य पदार्थों का सेवन करते हुए मां सरस्वती के भक्त अपने वाद्य यंत्रों, कलम, किताबों की पूजा अर्चना करते हैं। बेजान वस्तुओं यथा मिट्टी, चमड़े, धातु, लकड़ी से निर्मित वाद्ययंत्रों में मनमोहक, कर्णप्रिय तालों की उत्पत्ति विद्या देवी के गुणों का ही प्रताप है।

बसंत ऋतु में सरसों, सूरजमुखी, गेंदा, सनई, अरहर के पौधों में पीले फूल खिलते उठते हैं। गेहूं, चना और जौ के पकते हुए दाने भरे फल की महक प्रकृति में गमक उठाती है। पलाश, सेमल, आम के पौधे में खिले पुष्पों पर मधुमक्खियां, तितली, भंवरे गुनगुनाते हुए फूलों के मकरंद का रसपान करते हैं। पेड़ पौधे भी पुराने पीले हो चले पत्तों को त्याग कर नए सुकोमल पत्तियों से नयनाभिराम सिंगार करते हैं। जिसे देखकर कोयल कुकती है। मोर नाच उठता है जोकि जनाकर्षण का केंद्र बन जाते हैं।

रंगों का पर्व होली के आगमन का सूचक 'हाकर' बसंत पंचमी को ही माना जाता है। इस दिवस पर होलिका दहन स्थल चयनित करके गांव-शहरों में उस स्थल की सफाई उपरांत अरंडी के पेड़ की डगाल को वहां गाड़ा जाता है। लकड़ी कंडे को एकत्रित करते हुए इस कार्य में मगन लोग नगाड़े की धुन के साथ फाग गाने की शुरुआत करते हैं।

वैदिक ग्रंथों और महाऋषियों के अनुसार विद्या के बिना इंसान का जीवन व्यर्थ होता है, अतः विद्या की देवी सरस्वती की जयंती पर निरक्षरों को अक्षर दान करें। विद्या दान का संकल्प लेते हुए स्मरण करें कविश्री की इन पंक्तियों को कुछ लिखकर सो कुछ पढ़ कर सो, जागा जिस जगह उससे आगे बढ़कर सो।

हिंदी-लोक रंगकर्मी
एम 8 सेक्टर 2, अग्रोहा सोसायटी,
पो.आ.-सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.)
492013 मोबाइल 9893123310

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 66 : जनकपुरी है अयोध्या जैसी, राजा जनक, दशरथ जी के मित्र समान

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजा जनक ने महर्षि विश्वामित्र से कहा, ''अयोध्या के प्रतापी महाराज दशरथ के पुत्र ये दोनों राजकुमार आपके यज्ञ की रक्षा का कार्य संपूर्ण कर चुके हैं। मिथिला नगरी पूरी तरह से शत्रुओं और असुरों से सुरक्षित है। अतः यहां राम और लक्ष्मण को विशेष सावधानी की आवश्यकता भी नहीं है। स्वयं आप अनेक वर्षों बाद यहां पधारे हैं। अतः आप इस उपवन के स्थान पर एक अतिथि गृह में ठहरें। इससे मुझे विशेष प्रसन्नता होगी।''

''अवश्य राजन! आप स्वयं यह आग्रह कर रहे हैं और राम - लक्ष्मण को भी जनकपुरी के भ्रमण का अवसर प्राप्त हो रहा है।अतः यह प्रस्ताव मैं स्वीकार करता हूं।'' महर्षि विश्वामित्र ने उत्तर दिया।

महर्षि विश्वामित्र और राम - लक्ष्मण को जनकपुरी में एक सुंदर सुविधायुक्त आवास में ठहराया गया। दोपहर भोजन के बाद अवकाश का समय था। राम और लक्ष्मण इस समय का उपयोग करना चाहते हैं।

श्री राम ने गुरु विश्वामित्र से कहा, ''गुरुदेव मुझे यह निश्चय होता है कि यह हमारा मित्र राज्य है। हम हिमालय क्षेत्र के इस निकटवर्ती राज्य में हैं। इस राज्य के राजा को विदेह कहा जाता है। जिस तरह से अपनी दसों इंद्रियों पर नियंत्रण के कारण पिताश्री को दशरथ कहा जाता है, उसी तरह से तत्व ज्ञानी महाराज जनक भी तप और अध्यात्म ज्ञान की प्रतिमूर्ति व श्रेष्ठ प्रजापालक हैं।'' श्री राम की बात पर गुरु विश्वामित्र मुस्कुरा उठे, ''उचित कहा है वत्स!''

लक्ष्मण जी ने गुरु से अपनी जिज्ञासा प्रकट करते हुए कहा, ''मुझे तो यहां के महाराज पिताश्री के मित्र प्रतीत होते हैं और यह राज्य भी अयोध्या का जुड़वा राज्य प्रतीत होता है। अतः इस नगर को देखने और यहां भ्रमण करने की हमारी उत्सुकता है। अगर आपकी आज्ञा हो तो हम जनकपुरी का भ्रमण करना चाहते हैं गुरुदेव!''

गुरु विश्वामित्र प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा, ''मैं स्वयं सोच रहा था कि तुम दोनों को कुछ समय विश्राम करना चाहिए और जब हम इस राज्य में आए हैं तो धर्मात्मा जनक जी के राज्य की राजधानी को निकट से देखने का भी तुम दोनों को अवसर अवश्य प्राप्त होना चाहिए। तुम दोनों नगर का भ्रमण कर आ जाओ।''

''जो आज्ञा गुरुदेव! क्या आप साथ नहीं चलेंगे?'' लक्ष्मण जी ने पूछा।

''नहीं लक्ष्मण! यहां के कुछ तपस्वी मुझसे भेंट करना चाहते हैं। अतः मैं उनके साथ ज्ञान चर्चा में निमग्न रहूंगा। तुम दोनों प्रस्थान करो।''

गुरु को प्रणाम कर श्री राम और लक्ष्मण नगर भ्रमण के लिए निकले।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## कविता

### आगे बसंत

पियर-पियर सरसो फूले, पियर उड़े पतंग ,
पियर पगड़ी पहिर के, आगे ऋतु राज बसंत।
अमरय्या मा आमा मयुरे कारी, कोयली कुहुकत हे ,
लाली-पियुरी परसा फूले, सबों के मन हा पुलकत हे ।
सरर-सरर चले पुरवाही ,मन मयुर झूमें नाचे ,
फागुन के फाग संग, सुग्घर डोल नगारा बाजे ।
पातर -कवर गांव के गोरी, झुले कान के बाली ,
मया-पिरीत के बांधे, डोरी हंसी अऊ ठिठोली ।
मन भावन उत्साह, अऊ उमंग ज्ञानी ,गुनी ,संत ,
मन मा खुशी गजब, सुग्घर लागे आगे बसंत ।
कतिक करव बखान, तोर हे ऋतु राज बसंत,
तोर महीमा ल बताइन, दिनकर,
वर्मा अऊ पंत ।



डोमेन्द्र नेताम (डोमू )
मुण्डाटोला डौण्डीलोहारा

नसीम अहमद खान (उप संचालक)

# विष्णु सरकार के फैसलों से किसानों के खिले चेहरे

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित छत्तीसगढ़ द्वारा मात्र दो माह की अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में लिए गए फैसले से राज्य भर के किसान बेहद खुश है। उनके चेहरे खिल गए है और मन में एक नई उम्मीद जागी है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान होने से खुश किसानों के संगठन और समूहों द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके सहयोगी मंत्रीगणों का जगह-जगह स्वागत-अभिनंदन किया जा रहा है। किसान समूहों द्वारा मुख्यमंत्री के स्वागत अभिनंदन का ऐसा ही नजारा बीते दिनों राज्य के सुदूर वनांचल के जिला मुख्यालय नारायणपुर में देखने को मिला।

मुख्यमंत्री श्री साय का नारायणपुर में किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किसान के हित में उनकी सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को लेकर जोरदार ढंग से स्वागत अभिनंदन किया और मुख्यमंत्री का आभार जताया। किसानों संगठनों के पदाधिकारियों का कहना था कि उन्होंने यह सोचा नहीं था कि धान खरीदी और बकाया बोनस को लेकर विष्णु देव सरकार इतनी तेजी से फैसला लेकर उसे लागू भी कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल किसानों के हित से जुड़े मामलों को जिस तेजी के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने लागू किया है, यह स्वागतेय है।

छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार ने राज्य के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। राज्य में समर्थन मूल्य पर रिकार्ड तोड़ धान की खरीदी के बावजूद भी धान बेचने से शेष रह गए किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी की निर्धारित अवधि में 4 दिन की बढ़ोत्तरी भी की गई।



किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि नई सरकार किसानों की हितैषी है। राज्य के किसान भाईयों को 2183 रूपए प्रति क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घण्टे के भीतर उनके बैंक खातों में किया गया है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना लागू करने की तैयारी में है। इस नवीन योजना के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 10 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

भारत कृषि प्रधान देश है, देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह राज्य धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहते है कि एक दौर ऐसा था जब किसानों के पास उन्नत और बेहतर खेती के लिए पूंजी नहीं होती थी। किसानों को साहूकारों से ऊंची ब्याज दर पर रकम लेकर खेती-किसानी करने पड़ती थी। किसान हमेशा कर्ज में फंसे रहते थे। इस स्थिति को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम उठाया और किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की। इससे किसानों को कम दर पर सोसायटियों एवं बैंकों से कर्ज मिलने लगा।

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, उस समय सहकारी बैंकों से किसानों को रियायती ब्याज दर पर खेती के लिए कर्ज मिलता था, जिसे धीरे-धीरे घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया है। किसानों को बिना ब्याज के खेती-किसानी के लिए ऋण देने का काम छत्तीसगढ़ की रमन सरकार के दौर में शुरू हुआ था। आज भी किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती के लिए लोन मिल रहा है। फसल बीमा जिसका लाभ पूरे देश के किसानों को सहजता से मिल रहा है। इसका श्रेय भी तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। उनके कार्यकाल में ही फसल बीमा योजना का सरलीकरण किया गया।

छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में, जहां बिजली की सुविधा नहीं है, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सौर सुजला सिंचाई पंप स्थापित कर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। राज्य में सिंचाई रकबे में विस्तार के लिए नवीन सिंचाई योजना के लिए 300 करोड़ रूपए, लघु सिंचाई की चालू परियोजनाओं के लिए 692 करोड़ रूपए, नाबार्ड पोषित सिंचाई परियोजनाओं के लिए 433 करोड़ रूपए एवं एनीकट तथा स्टाप डेम निर्माण के लिए 262 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है। कृषि विभाग के बजट में बीते वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 में 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 13 हजार 435 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8500 करोड़ रूपए की साख सीमा छत्तीसढ़ सरकार ने तय की है।

मुख्यमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का उल्लेख करते है और कहते है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए प्रयासरत् है। उन्होंने दूरस्थ वनांचल में रहने वाले आदिवासी भाईयों विशेषकर पिछड़ी जनजाति के लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। छत्तीसगढ़ में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों की बसाहटों में पक्का मकान, रोड, नाली, बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था के साथ ही सरकार की 11 योजनाओं का लाभ दिलाने का काम तेजी से किया जा रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ में 9 सरकारी विभागों के समन्वय से क्रियान्वित की जा रही है।

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा, जिससे आपको खुशी महसूस होगी। आज समय का सही इस्तेमाल करेंगे और हर काम को लगन से करने की ललक रहेगी। अच्छे नतीजे भी मिलेंगे।

**वृषभ** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त होंगे। निजी व्यस्तता के चलते काम अधूरे रह सकते हैं। इस राशि के सरकारी नौकरी करने वालों को एक्स्ट्रा काम और जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको किसी खास काम में अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलेगी। आप परिवार के साथ मूवी देखने का प्लान बनाएंगे। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा। कई तरह के विचारों का आदान-प्रदान रहेगा।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। आपके काम में परिवार वालों का सहयोग बना रहेगा। कई मामलों में धीरज और धैर्य भी रखना जरूरी है। बातचीत में सही शब्दों का इस्तेमाल करें। गुस्से और जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

**सिंह** — आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बनाएंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज नए कामों पर आपका ध्यान रहेगा। उसके सकारात्मक नतीजे भी मिलेंगे। अपने स्वभाव में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।

**कन्या** — आज का दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आएगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आज आपकी सेहत बढ़िया रहेगी। किसी विशेष काम को लेकर सफलता मिल सकती है। जिससे आप खुश रहेंगे। नए कामों की योजनाएं बनेंगी। लोगों से मदद मिल सकती है।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज ऑफिस के काम में आप थोड़े बिजी होंगे। आपको थोड़ी थकान महसूस होगी, अपने खान-पान पर विशेष ध्यान दें। आज आपके कारोबार में तेजी आएगी। सहकर्मियों की मदद से आपके काम बन जाएंगे। अपने विचारों को पॉजिटिव रखना बहुत जरूरी है।

**वृश्चिक** — आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। माता- पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे, आपके कामों में आपकी मदद भी करेंगे। सामाजिक या राजनैतिक जान-पहचान मजबूत होगी। अपने में ऊर्जा और प्रसन्नता महसूस करेंगे।

**धनु** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आप असंभव कार्यों को भी पूरा करने में सफल होंगे। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। अपने से बड़े और समझदार इंसान की मदद से आपकी परेशानियां सुलझ सकती हैं। खराब रिश्ते दोबारा अच्छे हो सकते हैं।

**मकर** — आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आपकी कोशिशें सफल होंगी, थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त करेंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। आपकी सकारात्मक सोच से परिस्थितियां अच्छी होंगी।

**कुंभ** — आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल होंगे। संतान की उपलब्धि को लेकर घर में उत्सव रहेगा। परिवार के साथ मनोरंजन का प्रोग्राम बन सकता है। आज राज की बात किसी से शेयर न करें।

**मीन** — आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। थोड़ा समय परिवार और बच्चों की समस्याओं को समझने और सुलझाने के लिए निकालें। जानकर व्यक्ति से विचार विमर्श करेंगे।

## कविता

### //बहती है पुरवाई//

माह फरवरी आतुर है मन,
धरा प्रेम बरसाई,
सुरभित गुलाब की पंखुड़ियाँ,
शूल मध्य इठलाती।
देख दृश्य पुलकित है कण-कण,
कोयल गीत सुनाती।।
पात-पात तरुवर झूमे जब,
संग बसंती आई।।
प्रणय गीत का भाव जगाती,
कवियों की कविताएं।
स्पर्श हृदय को करें शब्द ये,
श्रृंगारित हो जाएँ।।
पग-पग जीवन उल्लास भरे,
बहती है पुरवाई।।
पीले-पीले सरसों फूले,
वृक्षारण महकाते,
भंवरे तितली मिलकर सारे,
बैठ वहाँ हर्षाते,
लगे झूलने बौर आम के,
झूम उठे अमराई।।
रूप बसंती सज बैठी जस,
दुल्हन नई नवेली,
कभी सुहाने दृश्य दिखाती,
रचती कभी पहेली,
बंधे प्रीत में प्रियतम सारे,
बजती है शहनाई।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम जिला-गरियाबंद
छत्तीसगढ़

# भाजपा का राज्य स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन संपन्न




### प्रदेश महामंत्री भारती शामिल हुए सम्मेलन में

डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा का राज्य स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन रायपुर में संपन्न हुआ। प्रदेश महामंत्री भारती सम्मेलन में शामिल हुए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि, लाभार्थी सम्मेलन के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धि को बताना मुख्य उद्देश्य है। सम्मेलन में बहुत बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज राज्य स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लोकसभा के संयोजक, सहसंयोजक, क्लस्टर प्रभारी सहित बहुत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद एवं कार्यक्रम के छत्तीसगढ़ प्रभारी बाबूराम निषाद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो कार्यक्रम तय की गई है। उसे हम सभी मिलकर पूरा करेंगे। लाभार्थी सम्मेलन के माध्यम से भाजपा प्रदेश भर के लाभार्थी जिन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है उनसे मिलकर योजना के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे इसके लिए हम सभी नीचे स्तर पर जाकर काम करेंगे और जिन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लिया है। उनसे चर्चा कर अन्य लोगों को सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में बताएंगे।

### 40 लाख लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है-किरण देव सिंह

लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भाजपा साल भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती है इसी कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश भाजपा लाभार्थी सम्मेलन आयोजित कर रही है। जिसके अंतर्गत पहले लोकसभा स्तर पर उसके बाद मंडल स्तर पर लाभार्थी सम्मेलन आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश भर के लगभग 40 लाख लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है। जिसके लिए भाजपा के 1 लाख 44 हजार कार्यकर्ता केंद्र एवं सरकार द्वारा लाभार्थियों को दी जा रही प्रधानमंत्री आवास सहित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा कर जानकारी प्राप्त करेंगे। लाभार्थियों के साथ चर्चा करने के बाद उनके साथ फोटो खींचकर नमो ऐप में डालेंगे और साथ ही साथ पार्टी द्वारा जारी की गई मोबाइल नंबर में मिस्ड कॉल देकर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ले सकेंगे।

### दो दिवसीय कार्यक्रम लोकसभा स्तर पर 20 फरवरी से

भाजपा का यह कार्यक्रम 20 एवं 21 फरवरी को लोकसभा स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 22 एवं 23 फरवरी को मंडल स्तर पर यह कार्यक्रम संपादित किया जाएगा। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने लाभार्थी सम्मेलन में आए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के लिए कार्य करती है। हमें पार्टी की विचारधारा को लाभार्थी सम्मेलन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचना है। पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसे हमें पूरा भी करना है। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि लाभार्थी सम्मेलन के तहत पहले लोकसभा स्तर पर उसके बाद मंडल स्तर पर हमें लाभार्थी सम्मेलन आयोजन करना है। इसके लिए लोगों से सतत चर्चा भी करनी है। इस दौरान कार्यक्रम के सहसंयोजक विकास महतो, श्रीमती पूजा विधानी, हरपाल सिंह भामरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पहला कॉलम...

### कपिनाथ महोबिया ने की राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी बनाने की दावेदारी



खैरागढ़ (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से दमदार, मिलनसार उम्मीदवार पूर्व सांसद प्रतिनिधि व विधायक प्रतिनिधि वरिष्ठ कांग्रेसी भाई कपिनाथ महोबिया हो, क्योंकि लोकसभा क्षेत्र में अच्छा पकड़ रखते है और आमजन से सदा जुड़े रहते है। पूर्व सांसद व विधायक दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के कट्टर समर्थक रहे। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सांसद प्रतिनिधि रहते हुए बहुत सक्रिय थे,जाना पहचाना नाम है, सबकी यही मांग है, छुईखदान से लगे ग्राम शाखा के किसान है, इनका रहना खैरागढ़ में होता है, कांग्रेस पार्टी को कपिनाथ महोबिया के नाम पर एक बार विचार करना चाहिए।

### नारी शक्ति को मजबूत एवं किसानों को सशक्त बनाने वाला बजट



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ विधानसभा में प्रथम प्रस्तुत बजट छत्तीसगढ मे मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार अपने बजट में महतारी वंदन के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए साल के 12000 हज़ार रुपए देने का प्रावधान, किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अंतर की राशि एक मुस्त, भूमिहीन खेतिहर मजदूर के लिए एवं प्रधानमंत्री आवास, अयोध्या में रामलला के दर्शन, जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर पेयजल पहुंचाना, जैसे शानदार बजट पेश किया। निश्चित ही विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। कांग्रेस के कुछ लोगों के द्वारा यह भ्रम फैला जा रहा है, कि 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिलेगा, जबकि यह सरासर झूठ फैलाया जा रहा है। 21 वर्ष से अधिक शादीशुदा परित्यगता/विधवा महिला को इस योजना का लाभ मिलेगा। कुछ लोग अपनी पूर्व कांग्रेस सरकार की नाकामी को छुपाने और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के शानदार बजट को नही पचा पा रही हैं।

### नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक का जिले के शराब व गांजा व्यापारियों को कड़ी चेतावनी



खैरागढ़ (दावा)। जिले के पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल (आईपीएस) के दिशा निर्देशन में पुलिस चौकी प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा लहरे द्वारा चौकी क्षेत्र के समस्त गुंडा बदमाशों, शराब बेचने वाले कोचियों, जुआ/सट्टा खिलाने वाले ठेकेदारों को चौकी मे बुलावाकर परेड ली गई साथ हि इन्हें चेतावनी दिया गया की। उक्त अपराध में संलग्न पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी तथा इन पर अंकुश लगाने के लिए शपथपत्र में हस्ताक्षर लिया गया। इनके द्वारा शपथ लिया गया की मेरे द्वारा यदि कोई उक्त अपराध घटित किए जाने पर मेरे विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये।

### जनपद सीईओ एस.के. ओझा का तबादला

छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. ओझा का स्थानांतरण जिला पंचायत राजनांदगांव में सहायक परियोजना अधिकारी के पद पर स्थायी रूप से किया गया है। उनके स्थान पर जनपद पंचायत छुरिया के सीईओ नारायण प्रसाद बंजारा सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्रभार सौपा गया है।

### आज छुरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

छुरिया (दावा)। भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं फ्लैगशिप के प्रचार-प्रसार तथा योजनाओं को बढ़ावा देने एवं हितग्राहियों में जागरूकता लाने विकसित भारत संकल्प यात्रा का कैम्प नगर पंचायत सीमा क्षेत्र में बुधवार 14 फरवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक नया बस स्टैण्ड में किया जाना है।

### आज गायत्री मंदिर में बसंत पर्व के उपलक्ष्य में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री मंदिर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आज 14 फरवरी को सुबह 9 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है, इससे पूर्व मंगलवार को मंदिर में 12 घण्टे का अखण्ड कार्यक्रम संपन्न हुआ। विदित हो कि गायत्री परिवार में बसंत पंचमी पर्व का एक अलग ही महत्व और स्थान है, गायत्री मिशन के संस्थापक गुरूदेव आचार्य पं. श्रीराम शर्मा का आध्यात्मिक जन्मदिवस तथा ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का अवतरण दिवस बसंत पर्व के दिन मनाया जाता है, बसंत पंचमी के दिन ही दादा गुरू ने परमपूज्य गुरूदेव को साधना कक्ष में दर्शन देकर युग परिवर्तन एवं नवयुग निर्माण हेतु उनके जीवनक्रम का निर्धारण किया था। इसी दिन युग परिवर्तन के सूत्रधार भगवान महाकाल अंतर्भूमि में अवतरित हुए थे।

उल्लेखनीय है कि बसंत का सांसारिक जनों के लिए जितना महत्व है, साधक और तपस्वियों के लिए यह उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, विज्ञप्ति अनुसार बुधवार को सुबह 9 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार तथा पूर्णाहूति का कार्यक्रम रखा गया है। विज्ञप्ति में समस्त परिजनों, श्रद्धालुजनों से समस्त कार्यक्रमों में अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### महतारी वंदन योजना का लाभ लेने महिलाओं ने आवेदन जमा किया

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत खुर्सीपार में महिलाएं उत्साह के साथ महतारी वंदन योजना का फॉर्म भर रही हैं। सरपंच पारस वर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक 300 से ज्यादा फॉर्म भरे जा चुके हैं। उनका कहना है कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध होगी। इसके पहले भी हमने अपने पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में ऐसी ही योजना को क्रियान्वित होते देखा है।

छत्तीसगढ़ की भी महिलाओं को इस योजना के माध्यम से जल्द ही प्रति माह हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से भी सशक्त होंगी। उन्होंने कहा कि पात्र महिला इस योजना से वंचित न हो इसके लिए क्षेत्र में शिविर लगाकर जागरूक किया जा रहा है। शिविर में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है।

## आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत कलेक्टर-एसपी ने ली संयुक्त बैठक



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकान्त वर्मा और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में कानून व्यवस्था के पालन और कोलाहल नियंत्रण के संबंध में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त बैठक लेकर निर्देश दिए। संयुक्त बैठक में जिले के प्रशासन और पुलिस विभाग के सभी आला अफसर शामिल हुए।

जिले के कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का पालन बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य और सुगम निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारी के सम्बंध में संयुक्त बैठक में उक्त निर्देश दिए। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के कोलाहल नियंत्रण प्रावधान 2019 के गाइडलाइन के अनुसार जिले में कड़ाई से पालन करने और उल्लघंन पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही के संबंध में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने प्रशासन के साथ जिले में अपने प्रथम संयुक्त बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में प्रशासन और जनता से सहयोग से कानून व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारी तथा कानून और सुरक्षा के सम्बंध में निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएस राजपूत, उपपुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय, एसडीएम रेणुका रात्रे, एसडीओपी लालचंद मोहले, प्रशांत खंडे, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू, थानेदार खैरागढ़ राजेश देवदास सहित सभी थानेदार, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित प्रशासन और पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आज ऐतिहासिक कलार मेला सरहरगढ़ महोत्सव

### 0 अनेक लोगों को किया जायेगा माता बहादुर कलारिन अलंकरण से सम्मानित
### 0 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे मुख्य अतिथि

बालोद (दावा)। कलार सिन्हा समाज की आराध्य और पूज्यनीय माता बहादुर कलारिन की कर्मस्थली ग्राम सोरर, जिला बालोद में आज 14 फरवरी को ऐतिहासिक कलार मेला सरहरगढ़ महोत्सव का आयोजन किया गया है। उक्त महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। कार्यक्रम में समाज के अनेक मूर्धन्य तथा बुद्धिजीवी लोगों को माता बहादुर कलारिन अलंकरण से भी सम्मानित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार सिन्हा समाज द्वारा पिछे कई वर्षों से प्रतिवर्ष माता बहादुर कलारिन की कर्मस्थली सोरर में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष उक्त कार्यक्रम नये रंगरूप व कलेवर के साथ आयोजित किया गया है। प्रादेशिक पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रांत के समस्त जिलों व तहसील के पदाधिकारियों के सहयोग से आयोजित ऐतिहासिक कलार मेला में इस वर्ष अनेक तरह के नये आयोजन जोड़े गये हैं। इस महोत्सव में इस बार माता बहादुर कलारिन की जीवनी पर नाटक का मंचन भी किया जायेगा।

ज्ञात हो कि ग्राम सोरर में ही माता बहादुर कलारिन का भव्य मंदिर, उनके पुत्र छछान छाडूदेव का मंदिर सहित कभी स्वर्ण की रही, लेकिन वर्तमान में पाषाण का हो चुका बड़ी सी मचिया स्थित है। जिसको देखने के लिए पूरे प्रदेश सहित अन्य प्रदेश के स्वजातिय वर्ष भर बड़ी संख्या में आते हैं। उक्त स्थल को ऐतिहासिक व पुरातात्विक मानते हुए छत्तीसगढ़ पुरातत्व विभाग द्वारा अपने संरक्षण में लिया गया है। समाज के जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि कलार महोत्सव में पूरे प्रांत के लगभग 50 हजार स्वजातियों के पहुंचने की संभावना है। उक्त महोत्सव में कल दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा सहित प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में तहसील, जिला सहित प्रदेश के स्वजातियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

## जिला खैरागढ़ के लिपिकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित

### प्रदेश अध्यक्ष ने की कलेक्टर से चर्चा





खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ कलेक्ट्रेट में संलग्न व्याखाता मकसूद अहमद खान के दुर्व्यवहार से प्रताड़ित कलेक्ट्रेट खैरागढ़ सहित जिले भर के लिपिकों ने संलग्नीकरण समाप्त करने की मांग को लेकर लामबंद हुए थे। जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने के एक माह बाद भी कोई भी कार्यवाही ना होने से आक्रोशित जिले भर के लिपिक रविवार 12 फरवरी से अनिश्चितकालिन हड़ताल पर थे। खैरागढ़ जिले के समस्त लिपिक छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के सदस्य है, अतः उक्त विवाद एवं हड़ताल पर जानें की सूचना प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी को दी, सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष खैरागढ़ पंडाल में पहुंच कर लिपिक साथियों का हौसला बढ़ाया, चूँकि कलेक्टर के मुख्यालय में ना होने की सूचना मिलने पर पंडाल से ही जिला कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से कॉल लगाकर वार्ता की, प्रदेश अध्यक्ष से हुए वार्ता में कलेक्टर द्वारा संबंधित कर्मचारी को शुक्रवार 16 फरवरी तक हटाए जानें के आश्वासन के पश्चात् लिपिक पदाधिकारियों ने हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया। कार्यवाही नही होने की स्थिति में सोमवार 19 फरवरी से लिपिक संघ पुनः हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य रहेगा। सोमवार को मुख्य रुप से पंडाल में प्रांतीय सचिव अभिलेख सिंह, जिलाध्यक्ष आलोक वैष्णव, विद्याभूषण सोनी, निरंजन नामदेव, चन्द्रशेखर मेश्राम, सुरेश कुमार गुप्ता, हर्षवर्धन दास मानिकपुरी, दीपक तिवारी, शरद श्रीवास्तव, बृजेंद्र महोबिया, दुर्गेश सिंह ठाकुर, बंशीलाल अग्रवाल, अर्पित सिंह, दिनेश साहू, डिलेश तिवारी, रामकुमार वैष्णव, विपीन बंजारे, उमाशंकर साहू, प्रशांत महोबिया, ऋषभ सिंह, आशीष चन्द्राकर, बलेश साहू, टीकम साहू, मृत्युंजय मरकाम, शंकर सिंह, शब्बीर खान, शंकर साहू, पी एल ब्रम्हभट, अखिलेश यादव, हितेश सोनी, संतोष यादव, दुर्गेश साहू, भुवनेश्वर ठाकुर, पुनाराम पाल, फगेन्द्र सिन्हा, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रघुवीर तिवारी ने इस आंदोलन को अपने साथियों सहित पंडाल में उपस्थित होकर समर्थन दिया महिला वर्ग से अवनी झा, किरण, रेवती सहित बडी संख्या में लिपिक उपस्थित रहें।

## तहसील स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन




छुरिया (दावा)। विगत दिनों तहसील क्षेत्र छुरिया अंतर्गत तहसील स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर पंचायत छुरिया स्थित सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। उक्त जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व विभाग से तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपे। जिसमें से निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल में ही किया गया। राजस्व विभाग अंतर्गत विवादित नामांतरण, बंटवारा, अविवादित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन तथा अन्य राजस्व संबंधित मामलों के कुल 121 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 48 आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण शिविर स्थल में किया गया इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित कुल 77 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। शिविर में तहसीलदार विजय कोठारी, सहित बडी संख्या में राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे ।

तहसील स्तरीय जन समस्या शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में पहुंच रहे आमजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ग्रामीणों का उपचार पश्चात उन्हें निःशुल्क दवाई भी उपलब्ध कराई गई।

## विकास परक सोच अपनाकर आगे बढ़ें - कोरेटी

**कल्लूबंजारी (दावा)। गत 11 फरवरी को महाराष्ट्र के कोरची तहसील के ग्राम जांभड़ी में गुंडाधुर बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में भूमकाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में सामिल छुरिया ब्लाक के कोयतुर गोंड़ समाज प्रमुख एवं साहित्यकार दिनेश कुरेटी दिलेर ने कहा कि विकास परक सोच अपनाकर गोंड़ समाज के लोग आगे बढ़ें।**

कार्यक्रम के उदघाटक गायता सुनील मंडावी, सहउदघाटक फूलसिंह मंडावी, दौलत मंडावी, रामजी होड़ी, अमरू बोगा कार्यक्रम के अध्यक्ष रामसू काटेंगे रहे। प्रमुख अतिथि वक्ता जे.ई.आकाश मंडावी गढ़चिरौली, गोंड़ महासभा मोहला के अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, कोयतुर गोंड़ समाज छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर, गोंड़ी धर्म प्रचारक द्वय अर्चना ताई खंडाते ब्रम्हपुरी एवं डॉ.विजय खंडाते ब्रम्हपुरी, गोंड़ समाज अध्यक्ष गोविंद टेकाम कोटगुल, डॉ.तिमेश्वर कोरेटी कुरखेड़ा एवं गोंड़ महासभा मोहला के युवा प्रभाग उपाध्यक्ष संजय तारम रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ दाई दन्तेश्री के सेवा अर्जी के साथ किया गया पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रमुख अतिथि वक्ता दिनेश कोरेटी दिलेर ने कहा कि हमारे कोयतुर गोंड़ समाज में विकास परक सोच का सर्वथा अभाव है समाज के लोग विकास परक सोच अपनाकर आगे बढ़ें। धीरे-धीरे हमारे सेवा अर्जी के तरीके बदल रहे हैं, हमारे पेन ठाना के स्वरूप बदलता जा रहा है जोकि आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छा संकेत नहीं है। प्रत्येक गोंडियन सामाजिक गांवों में विदुरों की संख्या कम एवं विधवाओं की संख्या अधिक क्यों होती है ये चिन्तनीय विषय है। महिला-पुरूषों के संख्यात्मक आनुपातिक संतुलन बनाए रखने के लिए जन जागरण अभियान चलाने की जरुरत है। विधवाओं की संख्या अधिक होने का कारण पुरूष वर्ग में नशाखोरी की अधिकता है। नशाखोरी को जड़ से खत्म करने की जरूरत है इसके लिए महिला वर्ग एवं युवा वर्ग को सामने आने की जरूरत है। गोंड़वाना सामाजिक रीति-रिवाज, रिश्ता-नाता, संस्कृति, बोली-भाषा, परम्परा को बनाये रखने के लिए योजना बद्ध तरीके से काम करने की आवश्यकता है। हमारे गोंड़वाना समाज में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, संवैधानिक एवं नैतिक मूल्यों वाली शिक्षा की भी नितांत आवश्यकता है। बाहरी संस्कृति को बढ़ावा देने के कारण अपनी स्वयं की संस्कृति में विकृति आ रही है। मातृभाषा संस्कृति की जननी होती है। गोंड़ी संस्कृति को बचाने के लिए गोंड़ी भाषा को बचाना निहायत जरूरी है। श्री दिलेर ने मौलिक गीत प्रस्तुत कर लोगों को जल, जंगल, जमीन एवं गोंडियन संस्कृति को बचाय रखने का संदेश दिया। गोंड़ महासभा मोहला के अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम ने कहा कि टोण्डा, मण्डा, कुण्डा हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं सांस्कृतिक पहचान है। इस पहचान को बनाये रखने के लिए रूढ़ी-प्रथा-परम्परा का कड़ाई से पालन करना होगा। मोहला महासभा के सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखना हम सभी समाज प्रमुखों की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को एकजुटता से काम करना होगा। सभा को आकाश मंडावी, अर्चना ताई खंडाते, डॉ.विजय खंडाते, गोविंद टेकाम, तिमेश्वर कोरेटी एवं रामसूजी काटेंगे ने संबोधित कर अपने गौरवशाली प्राचीन संस्कृति को मूल रूप में बचाये रखने का आव्हान किया।



### महाराष्ट्र के जाभंरी में मना भूमकाल दिवस

स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत रेला एवं हुल्की प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रमेश कोरचा, रामनाथ कोरचा, बाबूराव मंडावी, सुकेल काटेंगे, रामदास नेताम, सितल नैताम, चतुर सिंद्राम, ईश्वर कुमरे, श्रीराम मंडावी, आनंद हलामी, चमरू होड़ी, कुमारसाय मंडावी, बिसराम मंडावी, सामसाय नैताम, पिल्लाराम कोरेटी, दिलीप कोवाची, निरंजन मंडावी, बिरसु कमरो, मोहन कुमरे, झाडू राम हलामी आदि सहित जांभड़ी सर्कल के भु-यालदंड, दोड़के, आस्वलहुड़की, जामनारा, बोडेणा, साल्हे, पकनाभट्ठी, खुणारा, सोनपुरी, सुरवाही एवं जांभड़ी के गायता, पुजारी, भुमिया, माजी, मोकाशी, लइंग-लयोर तथा कोयतुर गोंड़ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## इंग्लैंड क्रिकेट रेहान अहमद एयरपोर्ट पर रोके गए

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाड़ी को एक बार फिर वीजा के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बार लेग स्पिनर रेहान अहमद से जुड़ा मामला सामने आया है। सही पेपरवर्क नहीं होने के चलते उन्हें टीम के साथ एयरपोर्ट से बाहर नहीं जाने दिया गया। वह अपनी टीम के साथ अबू धाबी से लौट रहे थे। दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच लंबे ब्रेक के कारण इंग्लैंड की टीम अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए अबू धाबी गई।

सूत्रों ने बताया, सोमवार को रेहान को भारत आने से रोका गया। इंग्लैंड टीम मिड-सीरीज ब्रेक के चलते अबू धाबी गई थी। वहां से लौटने के दौरान रेहान को रोक लिया गया क्योंकि उनके पास सिंगल-एंट्री वीजा ही था। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय अधिकारियों की मदद से अहमद को जल्द से जल्द दो दिन का वीजा दिया गया और बाकी कागजी कार्रवाई मैच शुरू होने से पहले समय पर पूरी कर ली जाएगी।

## बाजार में गिरावट, इंफ्रा पीएसयू के शेयर लुढ़के

नई दिल्ली। बाजार में व्यापक बिकवाली के दबाव के बीच सोमवार को स्मॉल कैप शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। कमजोर बाजार में इंफ्रास्ट्रक्चर और पीएसयू शेयरों को भी बिकवाली का दबाव झेलना पड़ रहा है। दोनों इंडेक्स 3 फीसदी से ज्यादा नीचे हैं। बीएसई सेंसेक्स 169.55 अंक यानी 0.23 फीसदी की गिरावट के साथ 71,427.47 अंक पर कारोबार कर रहा है। बीएसई स्मॉल कैप इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा टूटा।

सबसे ज्यादा गिरावट वाले शेयरों में रामकी इंफ्रास्ट्रक्चर 18 फीसदी नीचे, आंध्रा पेट्रोकेमिकल्स 14 फीसदी, अंबर एंटरप्राइजेज 11 फीसदी, नाहर पॉलीफिल्म्स 10 फीसदी, हरिओम पाइप 10 फीसदी और धुनसेरी वेंचर्स 9 फीसदी नीचे है। सूचकांक में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ पीएसयू शेयरों में ज्यादा गिरावट आई है। एसजेवीएन 17 फीसदी नीचे, मिश्र धातु 10 फीसदी, आईटीडीसी 10 फीसदी, हुडको 9 फीसदी, एनबीसीसी 9 फीसदी, आईआरएफसी 9 फीसदी, एनएचपीसी 9 फीसदी, हेमिस्फेयर प्रॉपर्टीज 8 फीसदी, आरवीएनएल 7 फीसदी, न्यू इंडिया एश्योरेंस 7 फीसदी, एमओआईएल 7 फीसदी, एनएलसी इंडिया 7 फीसदी और इरकॉन 7 फीसदी नीचे है।

## यूपी की चर्चित सिंगर की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत



नई दिल्ली। यूपी के सुल्तानपुर से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां फेमस सिंगर व एक्ट्रेस विजय लक्ष्मी उर्फ मल्लिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। आज सीताकुंड स्थित मोहल्ले में गायिका एवं अभिनेत्री विजय लक्ष्मी उर्फ मल्लिका राजपूत का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटकता पाया गया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घटना के कारणों का पता लगाना शुरू कर दिया है। बेटी की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतका की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि हम सभी लेटे हुए थे, हमें घटना का पता नहीं चला।

पहले दरवाजा बंद था। उसके बाद दरवाजा खोलकर चिपका दी और लाइट जल रही थी। हम कमरे की तरफ 3 बार गए पर दरवाजा खोलकर नहीं देखा। आखिर में जब लौटे तो हमने खि?की से देखा तो वो ख?ी दिखी। फिर हम दरवाजे पर टक्कर मारे तो देखे बिटिया हमारी लटकी थी। हम अपने पति को बुलाए और बेटों को बुलाए लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। बेटी से कोई ऐसी बात नहीं थी, जिसकी वजह से ऐसा कुछ होता।

## उड़ान भरते वक्त आसमान में टूटा विमान का दरवाजा

एपी, चीकटोवागा (अमेरिका)। एक छोटे विमान की बफेलो नियाग्रा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आनन-फानन में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी, इसकी वजह थी कि विमान का दरवाजा बीच आसमान में गिर गया। विमान चीकटोवागा से आ रहा था और दरवाजा गिरने के बाद बफेलो हवाई अड्डे के पास आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। हादसे को लेकर नियाग्रा फ्रंटियर ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी ने कहा कि शाम छह बजे से ठीक पहले विमान का पिछला दरवाजा बीच आसमान में टूटकर गिर गया।

प्रवक्ता ने कहा कि विमान से दरवाजा अलग होने के बाद उसे बफेलो नियाग्रा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सिग्नेचर एविएशन टर्मिनल पर सुरक्षित रूप से उतारा गया। विमान में दो यात्री और पायलट सवार थे। पायलट ने बताया कि चीकटोवागा में स्टिग्लमीयर पार्क के ऊपर उड़ान भरते समय विमान का दरवाजा गिर गया। अब तक, घटना के कारण कोई चोट या संपत्ति के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। ऑडियो रिकॉर्डिंग में पायलट को हवाई यातायात नियंत्रकों से यह कहते सुना जा सकता है - ÷हम आपात स्थिति में हैं, हम वापस जा रहे हैं।

# वेस्टइंडीज़ ने ऑस्ट्रेलिया को दी करारी शिकस्त, 37 रन से जीता तीसरा टी20



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज़ ने तीन मैचों की सीरीज़ के आखिरी टी20 में ऑस्ट्रेलिया को उन्हीं के घर पर 37 रनों से हरा दिया. मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज़ ने 20 ओवर में 220/6 रन बोर्ड पर लगाए. जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 183/5 रन ही बना सकी. वेस्टइंडीज़ के लिए रोमारियो शेफर्ड और रोस्टन चेस ने 2-2 विकेट झटके. तीसरा टी20 गंवाने वाली ऑस्ट्रेलिया शुरुआती दो मुकाबले जीत सीरीज़ अपने नाम कर चुकी थी. वहीं तीसरे टी20 की बात करें तो वेस्टइंडीज़ को जिताने में आंद्र रसेल और शेरफेन रदरफोर्ड ने अहम भूमिका अदा की.

रसेल ने बैटिंग करते हुए 29 गेंदों में 4 चौके और 7 छक्कों की मदद से 71 रन बनाए. इसके अलावा शेरफेन रदरफोर्ड ने 40 गेंदों में 5 चौके और 5 छक्कों की मदद से 67* रन स्कोर किए थे. दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 139 (67 गेंद) रनों की साझेदारी की थी. अच्छी शुरुआत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने गंवाया मुकाबला 221 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को डेविड वॉर्नर और कप्तान मिचेल मार्श ने शानदार शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 68 (39 गेंद) रनों की साझेदारी की. ऑस्ट्रेलिया ने पहला विकेट 7वें ओवर में मिचेल मार्श के रूप में खोया, जो 13 गेंदों में 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे.

फिर बैटिंग के लिए उतरे एरॉन हार्डी ने डेविड वॉर्नर के साथ मिलकर 46 (36 गेंद) रनों की पार्टनरशिप की. ये साझेदारी 13वें ओवर में हॉर्डी के विकेट से टूटी, जो 16 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 16 रन स्कोर कर पवेलियन लौटे. फिर टीम को अगला बड़ा झटका डेविड वॉर्नर के रूप में लगा, जो शतक की ओर बढ़ रहे थे. 14वें ओवर में शानदार पारी खेल रहे वॉर्नर 49 गेंदों में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 81 रन बनाकर आउट हो गए और यहां से ऑस्ट्रेलिया की जीत हार में तब्दील होना शुरू हो गई. फिर 14वें ही ओवर में कंगारू टीम ने चौथा विकेट भी खो दिया. इस बार जोश इंग्लिस 3 गेंदों में 1 रन बनाकर आउट हुए. फिर कुछ देर बाद 18वें ओर में ग्लेन मैक्सवेल 14 गेंदों में 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. टिम डेविड और मैथ्यू वेड अंत तक क्रीज़ पर मौजूद रहे, लेकिन टीम को जीत की लाइन के पार नहीं ला सके.

# भारत के करीब आ रहा चीन का दुश्मन

नई दिल्ली। दक्षिण चीन सागर में फिलिपींस और चीन की दुश्मनी है। वहीं फिलिपींस हमारा दोस्त देश है। हमारे देश की खतरनाक ब्रह्मोस मिसाइल का फिलिपींस ?मुरीद है। ब्रह्मोस मिसाइल की डील पहले ही हो चुकी है। अब इससे भी एक कदम आगे फिलिपींस भारत से और बड़ी रक्षा डील करना चाहता है। ब्रह्मोस मिसाइल फिलिपींस को मिलने के बाद चीन के पहले से ही होश उड़े हुए हैं। अब बड़ी रक्षा डील से चीन भी टेंशन में आ जाएगा।

भारत और फिलीपींस अपने द्विपक्षीय सहयोग को और भी मजबूत करने वाले हैं। भारत मनीला हवाई अड्डे के प्रमुख पुनर्विकास परियोजना के लिए कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के करीब पहुंच गया है। हाल के महीनों में रक्षा पर दोनों देशों ने सहयोग पर महत्वपूर्ण ध्यान दिया है। ब्रह्मोस एंटी शिप मिसाइल की डील उनकी बढ़ती साझेदारी को दिखाती है, जो चीन के लिए टेंशन है। चीन के साथ बढ़ते तनाव के चलते फिलीपींस ने ब्रह्मोस खरीदा था। फिलीपींस में निनॉय एक्विनो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (द्धद्ध) बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्तमान में यह दुनिया के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले एयरपोर्ट में से एक है। फिलीपींस उड़ान देरी को कम करने, भीड़भाड़ की समस्या से छुटकारा पाने और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए इसका अपग्रेड करना चाहता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलीपींस इसके डेवलपमेंट के लिए कॉन्ट्रैक्ट देने वाला है।

# रिलायंस का मार्केट कैप 20 लाख करोड़ के पार, बनी देश की नंबर-1 कंपनी



नई दिल्ली। एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी ने बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है. अंबानी पहले खुद देश के नंबर 1 अमीर कारोबारी बने तो अब उनकी कंपनी देश की नंबर 1 कंपनी बन गई है. रिलायंस इंडस्ट्रीज का दबदबा कायम है. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक बार फिर से देश की टॉप कंपनी बन गई है. कंपनी का मार्केट कैप 20 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया है. इस मुकाम को हासिल करने वाली ये भारत की पहली कंपनी है. रिलायंस के शेयरों ने जबरदस्त उछाल हासिल किया और कंपनी के शेयर 2,958 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं.

बीते पांच सालों में कंपनी का मार्केट कैप दोगुना हो गया है. अगस्त 2005 में रिलायंस का मार्केट कैप 1 लाख करोड़ रुपये था, जो साल 2017 में बढ़ाकर 5 लाख करोड़, नवंबर 2019 में बढ़कर 10 लाख करोड़ रुपये सितंबर 2021 में 15 लाख करोड़ रुपये और अब फरवरी 2024 में 20 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है. टॉप 5 में कौन-कौन सी कंपनी रिलायंस जो ऑयल से लेकर टेलीकॉम और रिटेल सेक्टर में दबदबा बनाए हुए है, इस मामले में देश की नंबर 1 कंपनी है. इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , एचडीएफसी बैंक का नंबर आता है. कंपनी का नाम मार्केट कैप ( रुपये में) रिलायंस इंडस्ट्रीज 20 लाख करोड़ टीसीएस 14.95 लाख करोड़ एचडीएफसी बैंक 10.56 लाख करोड़ आईसीआईसीआई बैंक 6.98 लाख करोड़ इंफोसिस 6.97 लाख करोड़ मुकेश अंबानी के पास कितनी दौलत हाल ही में आए एक्सिस बैंक की प्राइवेट बैंकिंग यूनिट बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रिलायंस को सबसे वैल्यूएबल कंपनी माना है.

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग : भारतीय महिला टीम चीन से 1-2 से हारी



राउरकेला, 13 फरवरी। यहां के बिरसा मुंडा स्टेडियम में सोमवार को भारतीय महिला हॉकी टीम शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के राउरकेला चरण में निराशाजनक शुरुआत करते हुए चीन से 1-2 से हार गई।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने संगीता कुमारी की बदौलत बढ़त बना ली, लेकिन गु बिंगफेंग (14, 53) के दो गोल ने चीन को 2-1 से मैच जीतने में मदद की।

फारवर्ड वंदना कटारिया के असाधारण क्रॉस और संगीता कुमारी (7) के समान रूप से उल्लेखनीय फिनिश की बदौलत भारत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही बढ़त ले ली। दोनों टीमों ने अपनी लय बरकरार रखी और उन्हें कई पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत अपने तीन पेनल्टी कॉर्नर अवसरों में से किसी को भी परिवर्तित करने में सक्षम नहीं था, चीन ने अपने दूसरे का पूरा उपयोग किया, क्योंकि गु बिंगफेंग (14) ने पहले क्वार्टर में एक मिनट से थोड़ा अधिक समय शेष रहते हुए बराबरी कर ली। दूसरे क्वार्टर में चीन ने गेंद पर अधिक कब्ज़ा कर लिया, लेकिन भारतीय रक्षा ने चीनियों को डॉट्स कनेक्ट करने और बढ़त लेने की अनुमति नहीं दी। दूसरे क्वार्टर में लगभग 10 मिनट शेष रहने पर चीन को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने अच्छा बचाव किया।

भारतीय महिला हॉकी टीम तुरंत जवाबी हमले में जुट गई और उसे एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका मिला। हालांकि, चीनी डिफेंस ने हार नहीं मानी और हाफ समाप्त होने तक दोनों टीमों के पास अभी भी एक-एक गोल था।

# ओसाका ने गार्सिया को कतर ओपन के पहले दौर में हराया



दोहा। पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका अपनी जीत की राह पर लौट आईं और उन्होंने कतर ओपन, डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के पहले दौर में नंबर 15 वरीयता प्राप्त कैरोलिन गार्सिया को 7-5, 6-4 से हराया।

सोमवार रात को अपनी 1 घंटे और 28 मिनट की जीत के साथ ओसाका ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में गार्सिया से अपनी पहले दौर की हार का बदला लिया, जो 2022 के अंत में मैटरनिटी लीव शुरू होने के बाद से ओसाका की पहली ग्रैंड स्लैम उपस्थिति थी।

दूसरे दौर में ओसाका का मुकाबला क्रोएशिया की पेट्रा मार्टिक से होगा। पूर्व शीर्ष 15 खिलाड़ी मार्टिक ने तीन घंटे के संघर्ष में डचवुमैन अरांटेक्सा रूस को 7-5, 3-6, 7-6(5) से हराया। ओसाका ने इस सीजन में अपनी वापसी का पहला मैच ब्रिस्बेन में तमारा कोरपात्श के खिलाफ जीता था, लेकिन लगातार अगले तीन मैच हार गई थी। मार्च 2022 में मियामी ओपन में बेलिंडा बेनसिक को हराने के बाद से अब वह शीर्ष 50 खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत हासिल करके ट्रैक पर वापस आ गई है। ओसाका ने कहा, मुझे लगता है कि मैं अब काफी बेहतर खिलाड़ी हूं। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया में मेरा रिटर्न उतना अच्छा नहीं था और मुझे नहीं लगता कि मैं पहले की तरह फोकस्ड थी।

## क्रिकेटर दत्ताजीराव गायकवाड़ का निधन



नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़, जिन्होंने देश में सबसे उम्रदराज जीवित टेस्ट क्रिकेटर का रिकॉर्ड अपने नाम कर रखा था, उनका मंगलवार को बड़ौदा के अपने निवास पर निधन हो गया। दत्ताजीराव गायकवाड़ की उम्र 95 साल थी। दत्ताजीराव गायकवाड़ ने भारत के लिए 9 साल के टेस्ट करियर में 11 मैच खेले, जिसमें चार में कप्तानी की। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने सोशल मीडया के जरिये दत्ताजीराव गायकवाड़ के निधन पर शोक व्यक्त किया और याद किया कि कैसे पूर्व कप्तान ने क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं की पहचान की। 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू करने वाले दत्ताजीराव गायकवाड़ ने 2016 में दीपक शोधन की मृत्यु के बाद भारत के सबसे उम्रदराज जीवित टेस्ट क्रिकेटर का तमगा पाया था।

# पीकेएल 10 : बंगाल वॉरियर्स ने यू मुंबा पर 12 अंकों की बड़ी जीत दर्ज की



कोलकाता। यहां के नेताजी इंडोर स्टेडियम में सोमवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग मेच में मनिंदर सिंह (10 अंक), नितिन कुमार (8 अंक) और एस. विश?वास (8 अंक) की रेडिंग तिकड़ी ने बड़ा अंतर पैदा कर दिया, जिससे बंगाल वॉरियर्स बड़े पैमाने पर क्वालिफिकेशन ब्रैकेट के करीब पहुंच गया और इसने यू मुंबा पर 46-34 से जीत दर्ज की। वॉरियर्स ने शुरुआती पांच मिनट में छह अनुत्तरित अंक हासिल कर लिए, इससे पहले कि यू मुंबा अपना खाता भी खोल पाता और जब उन्होंने ऐसा किया भी, तो उन्हें तुरंत ही पीछे धकेल दिया गया, वॉरियर्स ने खेल का पहला ऑलआउट दर्ज करके 11-2 की बढ़त ले ली।

खेल के अगले दौर में यू मुंबा ने कुछ बढ़त हासिल कर ली, लेकिन वॉरियर्स की अमीरमोहम्मद जफरदानेश की रेड को सीमित करने की क्षमता उनकी सफलता की कुंजी थी, क्योंकि उन्होंने आधे समय तक अपनी बढ़त बरकरार रखी थी। मध्यांतर तक वे सात अंकों की भारी बढ़त के साथ आगे बढ़े। ऐसा लग रहा था कि वॉरियर्स दूसरे हाफ के शुरुआती दौर में आगे बढ़ रहे थे, लेकिन शिवम द्वारा सफल रेड की एक श्रृंखला, जिसमें से एक सुपर रेड के रूप में समाप्त हुई, जिसमें शुभम शिंदे और आर गुहान को आउट करके मुंबा ने उन्हें ऑल-आउट कर दिया। 15 मिनट से अधिक समय शेष रहते हुए खेल में वापसी करें। हालांकि वॉरियर्स ने उस झटके को अपने प्रभुत्व पर असर नहीं पड़ने दिया और लगभग तुरंत ही मनिंदर ने फिर से कमान संभाल ली और मुंबा की संख्या कम करने के लिए टच पॉइंट जुटाए। खेल के आठ मिनट शेष रहते हुए उन्होंने एक बड़ी बढ़त हासिल करने के लिए दूसरा ऑल-आउट किया। अंतिम मिनटों में मुंबा खेल से एक अंक हासिल करने की कोशिश करने के लिए संघर्ष कर रही थी, वॉरियर्स उन्हें बाहर करने के लिए उत्सुक थे। उनके श्रेय के लिए यू मुंबा ने कभी उम्मीद नहीं खोई और अंतिम मिनट में वॉरियर्स की संख्या कम कर दी।

# शेष प्रथम पृष्ठ का

***किसानों ने प्रदर्शन रोका....***

घमासान का ऐलान; बोले- हम टाइमपास नहीं चाहते- किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि सरकार तो हमारे साथ दुश्मन जैसा बर्ताव कर रही है। आंदोलन करना हमारा लोकतांत्रिक हक है, लेकिन हमें रोका जा रहा है। हमारे सोशल मीडिया अकाउंट्स बैन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब के बीच ऐसी किलेबंदी है कि लगता है ये दोनों भारत के राज्य नहीं हैं बल्कि अलग-अलग देश हैं। 0 किसान आंदोलन की हुंकार से रुकी रफ्तार, 2 मेट्रो स्टेशन के गेट बंद- किसान संगठनों के नेता सरवन सिंह पंढेर समेत कई लोगों ने मीडिया से बात भी की। इन लोगों ने कहा कि सरकार ने एमएसपी कानून पर कोई ठोस वादा नहीं किया है। अब तक कमेटी गठित करने की ही बात हो रही है। यही बात तो दो साल पहले भी कही गई थी। उन्होंने कहा कि हम अब एक्शन चाहते हैं और सरकार को तुरंत नोटिफिकेशन जारी कर देना चाहिए। वहीं सरकार का कहना है कि एमएसपी लागू हुई तो उससे महंगाई में इजाफा होगा और देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी।

0 दोनों बॉर्डर पर टकराव में 100 किसान घायल- भारी संख्या में किसानों के दिल्ली कूच के प्रयास में मंगलवार को राजधानी से लगी सीमा पर टकराव देखने को मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों बॉर्डर पर पहले दिन हुए टकराव में करीब 100 किसान घायल हुए हैं। दिल्ली के लिए कूच कर रहे किसानों से अपना प्रदर्शन आज के लिए रोक दिया है। पंजाब किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि यह भारतीय इतिहास का एक काला दिन है। किसानों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। कल सुबह अपना कार्यक्रम फिर से शुरू करेंगे। पंजाब किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने कहा, 'यह भारतीय इतिहास का एक काला दिन है। किसानों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। हम यहां स्पीकर लगा रहे हैं और कल सुबह अपना कार्यक्रम फिर से शुरू करेंगे।'

0 किसान आंदोलन को लेकर राकेश टिकैत का बड़ा ऐलान- किसानों के दिल्ली कूच के बीच राकेश टिकैत ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार से हमारी अपील है कि वो किसानों से बात करें, उन्हें रोकने की कोशिश न की जाए। टिकैत ने कहा, वे किसान हैं और हमारी मांगें एक जैसी हैं। किसान कभी भी पीछे हटने वाले नहीं हैं और हमारा आंदोलन बंद नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम सब एक हैं और जरूरत पड़ी तो हम भी शामिल हो जाएंगे।

***'जिस जमीन पर लकीर खींच देंगे....***

बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। वो देश हमारा भारत है।हमारा भारत स्मार्ट फोन डेटा कंज्यूम करने में दुनिया में नंबर वन है। आज यूएई-भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार : पीएम मोदी- अबू धाबी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारा रिश्ता प्रतिभा, नवाचार और संस्कृति का है। अतीत में हमने हर दिशा में अपने संबंधों को फिर से सक्रिय किया है। दोनों देश साथ-साथ चले हैं, साथ-साथ आगे बढ़े हैं। आज यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। आज यूएई सातवां सबसे बड़ा निवेशक है। ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दोनों देश काफी सहयोग कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज भी हमारे बीच जो एमओयू साइन हुए हैं वे इसी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं। हम अपनी वित्तीय प्रणाली को एकीकृत कर रहे हैं। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में भारत और यूएई की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। समुदाय और संस्कृति के क्षेत्र में, भारत-यूएई ने जो हासिल किया है वह दुनिया के लिए एक मॉडल है। अहलान मोदी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, 2015 में जब मैंने आप सभी की ओर से शेख मोहम्मद बिन जायद से अबू धाबी में एक मंदिर बनाने का प्रस्ताव दिया, तो उन्होंने तुरंत इसके लिए हां कह दी। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जिस जमीन पर लकीर खींच लेंगे, मैं दे दूंगा। अब अबू धाबी में इस भव्य-दिव्य मंदिर के लोकार्पण का समय आ गया है।

***उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने...***

सेवाओं से विभाग की बेहतर छबि बनेगी। विभाग आपके हर अच्छे कार्य को प्रोत्साहित करेगा और सभी जरूरी सहयोग मुहैया कराएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी तकनीशियन अपने कार्यों का अच्छा प्रशिक्षण लेंगे और अपने कौशल को दक्षता के साथ अमल में लाएंगे। रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता और मंत्रालय में विभागीय ओ.एस.डी. टी.डी. शांडिल्य सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनेक अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे। इस योजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माया मेश्राम, प्रभा धनकर, दीपिका ठाकुर, गंगोत्री साहू, अंबिका जी का विशेष योगदान रहा।

***वाराणसी दौरे पर पहुंचे सीएम...***

उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी के भवन खंड के अधिशासी अभियंता के विरुद्ध शासन को पत्र भेजा जाए। साथ ही, काम जल्द शुरू कराया जाए। सारनाथ में प्रो-पुअर योजना के तहत हो रहे काम में देरी पर नाराजगी जताते हुए वीडीए से सभी डिजाइन समय पर कार्यदायी संस्था को देकर बचे काम को मार्च के पहले सप्ताह तक पूरा कराने का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों के चौड़ीकरण और मरम्मत के काम में देरी होने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। कहा कि निर्माणाधीन सभी छह सड़कों के काम को मार्च के पहले हफ्ते तक हर हाल में पूरा कराएं। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय निर्माण निगम के लंबित निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने की हिदायत दी। कहा कि लापरवाही मिलने पर कार्रवाई हर हाल में होगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के काम में हो रही देरी के लिए एनओसी के समय ही टेंडर प्रक्रिया अपनाने को कहा। कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर निर्माण कार्य देखें, ताकि सड़क और नाली मानक के अनुसार बने। लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर को सीएम ने कहा कि बचे हुए सभी काम मार्च के पहले हफ्ते तक पूरा कराएं। काम इस तरह से हो कि आवागमन बाधित न हो और गुणवत्ता को लेकर सवाल न उठने पाए।

***सोनिया गांधी राजस्थान से....***

सोनिया गांधी इस सीट से 2004 से लगातार सांसद हैं। रायबरेली की सीट कांग्रेस की सबसे सुरक्षित सीट मानी जाती है। 1952 के पहले लोकसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस यहां सिर्फ तीन बार हारी है। 0 27 फरवरी को राज्यसभा की 56 सीटों पर चुनाव होंगे- राज्यसभा की 56 सीटों पर 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी। चुनाव आयोग इसके लिए 8 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी कर चुका है। 15 फरवरी को नॉमिनेशन की आखिरी तारीख है। 27 फरवरी को ही रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे।

# 26 करोड़ के कार्य को करने 8 करोड़ अतिरिक्त राशि पर कार्य अधूरा, जनता प्यासी - नवीन अग्रवाल

राजनांदगांव (दावा)। जनता कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में ज्ञापन देकर मेसर्स संजय अग्रवाल रायपुर की फर्म पर कार्यवाही करने की मांग की है।

नवीन अग्रवाल ने बताया कि राजनादगांव डीविजन के अंतर्गत आने वाले डोंगरगढ़, खैरागढ़, मोहला, राजनांदगांव में मेसर्स संजय अग्रवाल रायपुर की फर्म को नल-जल योजना के तहत कुल 10 एग्रीमेंट में 25 करोड़ 70 लाख के कार्य औसतन 32 प्रतिशत एबोव में फरवरी 2022 में आबंटित किया गया था, जिसकी कार्यावधि 9 माह की थी, यानी की नवंबर 2022 तक सभी कार्य पूर्ण हों जाने थे, मगर आज दिनांक 12 फरवरी तक 15 माह अधिक हो चुका 20 प्रतिशत कार्य भी नहीं हुए है। सारे मुख्य कार्य जैसे उच्च स्तरीय टंकी निर्माण और राइजिंग मेन पाइप लाइन कार्य भी कही प्रारंभ ही नही हुआ है। डोंगरगढ़ ब्लॉक के कुल 7 ग्रामों जिनमें बांसपहाड़, भूरसाटोला, पिनकापार, मेढा, खलारी, पिपीरखारकला,



**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिया अल्टीमेटम, तत्काल ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही करें**

खमपुर में उच्च स्तरीय टंकी निर्माण कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है और राइजिंग मेन पाइप लाइन कार्य भी अपूर्ण है। वहीं राजनादगांव के अऊरदा, इरईखुर्द और मासुल उक्त ग्रामों में पानी उच्च स्तरीय टंकी निर्माण कार्य प्रारंभ ही नही हुआ है और राइजिंग मेन पाइप लाइन कार्य भी अपूर्ण है। इसी प्रकार सबसे ज्यादा खैरागढ़ में कुल 28 ग्रामों में कार्य आबंटित किया गया है, जो कि अधूरा है। उच्च स्तरीय टंकी निर्माण कार्य कही भी प्रारंभ नहीं हुआ है। राइजिंग मेन पाइप लाइन कार्य भी अपूर्ण है और भुगतान किया गया है, इसके अलावा उक्त फर्म को ही मोहला के 161 ग्रामों का सर्वे और डीपीआर तैयार करने का कार्य देकर 18 लाख का भुगतान किया गया है।

शमशुल आलम ने कहा कि 15 माह अधिक होने पर भी मेसर्स संजय अग्रवाल रायपुर की फर्म पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है ना उस पर पेनॉल्टी लगाया गया है, ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो गया। जल ही जीवन है फिर भी आपका विभाग नींद में है। विभाग कहता है डायरेक्ट पंप से वाटर सप्लाई की जा रही है, जबकि कहीं भी पानी नहीं आता और ठेकेदार को करोड़ों का भुगतान किया जा चुका है। उक्त फर्म पर 10 दिनों में कार्यवाही करें, अन्यथा हमें जनहित के मामले में आपके विभाग का घेराव और सड़क पर आंदोलन करना पड़ेगा।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष शमशुल आलम, युवा शहर अध्यक्ष बिलाला शौलीन खान, युवा ग्रामीण जिलाध्यक्ष टिंकू देवांगन, नवीन साहू, टिंकू मंडलोई, राहुल देवांगन, विवेक ठाकुर, सौरभ ठाकुर, बंटी चौहान, सत्यम यादव, कृष्णा यादव, भारत यादव आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय कबड्डी में महिला टीम का विजय अभियान जारी



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव महिला कबड्डी टीम का 2024 में अखिल भारतीय कबड्डी टूर्नामेंट में विजय अभियान जारी है। उन्होंने 10 फरवरी को बागबाहरा में अखिल भारतीय टूर्नामेंट जीत लिया है।

प्रतियोगिता के पूल मैच में महासमुंद हरियाणा को हराकर सेमीफाइनल में गुजरात के साई टीम जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ियों से संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6 पॉइंट से जीत दर्ज किया। फाइनल में छत्तीसगढ़ की पेंड्रा गौरेला टीम से दिल थाम लेने वाला मैच हुआ अतिरिक्त समय के बाद भी 24 के मुकाबले 24 अंक से मैच बराबर रहा बाद में टाई ब्रेकर में 9 के मुकाबले 6 पॉइंट बनाकर राजनांदगांव की तीन अंक से विजय प्राप्त किया, 2024 में अखिल भारतीय टूर्नामेंट मे छठवीं विजय है। महिला कबड्डी टीम के कोच ललित कुमार साहू एवं अन्य कोच लखन कुमरे एवं रोहित पटौदी को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई दी है।

राजनांदगांव की महिला अपने स्टार खिलाड़ी छाया चंद्रवंशी की गैर मौजूदगी में यह टूर्नामेंट जीतकर राजनांदगांव का विजय अभियान जारी रखा है इसके लिए छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं जिला कबड्डी संघ के सचिव तुलसी मांडवी, नगर निगम के अध्यक्ष सचिव महेश साहू, तीरथ गोस्वामी एवं हरीश साहू ने संपूर्ण कबड्डी टीम कोच मैनेजर को बधाई दिया है।

# चिल्हाटी उपकेन्द्र में नया अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर हुआ क्रियाशील



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिष्चित करने के उद्देष्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी कड़ी में चिल्हाटी में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में नये 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार चिल्हाटी उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 6.30 ए.व्ही.ए. हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से चिल्हाटी उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

मोहला संभाग के कार्यपालन अभियंता के.वी. मैथ्यू ने बताया कि चिल्हाटी उपकेन्द्र में 1 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत से स्थापित नये 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिक्ति पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से लगभग 26 ग्रामों के 3675 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।

# संगठन के साथ आगे बढ़ें, समृद्धि तय है - प्रतीक्षा भंडारी



राजनांदगांव (दावा)। श्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में महिला स्व-सहायता समूह सशक्तिकरण के तहत शक्ति वंदन अभियान आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले भर से स्व सहायता समूहों की महिलाएं शामिल हुईं।

कार्यक्रम में अतिथि बतौर मौजूद जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी व अन्य अतिथियों ने महिलाओं का सम्मान किया। इस दौरान जपं अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी ने कहा कि संकल्प से शक्ति, संगठन से समृद्धि यह नारा सशक्त हो रही महिलाओं के लिए है। आप ही वे महिलाएं हैं जिन्होंने उदाहरण स्थापित किए हैं। गृहिणी का कर्तव्य निभाते हुए भी आप सशक्तिकरण की दिशा में अपना दायित्व पूरी तन्मयता से निभा रहीं हैं। मातृ शक्ति संगठन के साथ आगे बढ़ें और समृद्धि के नए आयाम तक पहुंचे हम सभी की यही कामना है। इस आयोजन में शक्ति वंदन अभियान में लाभान्वित महिलाओं ने योजना के बारे में अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में नारी शक्ति हेतु चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीताघासी साहू, जपं छुरिया अध्यक्ष किरण वैष्णव ने भी उद्बोधन दिए। इस दौरान स्व सहायता समूह की बहने सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से किया जा रहा है शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार



बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन जनसपंर्क विभाग द्वारा बालोद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कला जत्था के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके माध्यम से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कलाकारों के द्वारा अपनी रोचक प्रस्तुति के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

इसके अंतर्गत आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करहीभदर, लाटाबोड़ एवं रविवार 11 फरवरी को बालोद विकासखण्ड के ग्राम पीपरछेड़ी, बेलमाण्ड, तरौद में कला जत्था का आयोजन किया गया। कला जत्था के माध्यम से ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, श्री रामलला दर्शन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आयुषमान योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, स्वच्छ भारत अभियान आदि शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

# देश के विकास की नींव मोदी जी ने रखी-गीता घासी साहू



खुज्जी (दावा)। राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर देश के प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचने के लिए गांव चलो घर-घर चलो अभियान चलाया जा रहा है।

**अम्बागढ़ चौकी में जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों को दी केंद्रीय योजनाओं की जानकारी**

खुज्जी विधानसभा के अम्बागढ़ चौकी मंडल अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष गीताघासी साहू ने केंद्र सरकार की योजनाओं की ग्रामवासियों को जानकारी देते हुए पांपलेट का वितरण किया एवं कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प दिलाया। अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। अनेक लाभकारी योजनाएं हितग्राहियों के पास नहीं पहुंच पाती।

उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए भाजपा द्वारा गांव चलो घर-घर चलो अभियान चलाया जा रहा है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि देश के सर्वांगीण विकास की नींव मोदी जी ने रखी, जिसका लाभ सभी को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से 2047 तक भारत विकसित देशों में शामिल हो जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमलेश सारस्वत, गुलाब गोस्वामी, भारत भूषण सहित अन्य उपस्थित थे।

# नगर निगम जनदर्शन में आयुक्त एवं अधिकारियों ने सुनी समस्या



राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज सोमवार प्रातः 10:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जनदर्शन में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जनदर्शन में कुल 5 आवेदन प्राप्त हुये। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देश पर इस सोमवार भी नगर निगम के सभागृह में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जनदर्शन लगाया गया। जनदर्शन में 5 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें राशन कार्ड संबंधित 01, प्रधानमंत्री आवास संबधित 01, भवन नजूल संबंधित 01 एवं लोककर्म संबंधी 02 इस प्रकार कुल 05 प्रकरण प्राप्त हुये जिसका अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि नागरिकों की समस्या का निराकरण करने जनदर्शन लगाया जा रहा है। जनदर्शन में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि आज के जनदर्शन में विभिन्न समस्याओं संबंधित 05 आवेदन प्राप्त हुये जिनका अतिशीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, ताकि आवेदकों को उसका लाभ मिल सकें। जनदर्शन में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# घुमका थाना में एक ही दिन में दो मर्ग दर्ज, दोनों का हुआ पीएम



राजनांदगांव (दावा)। घुमका थाना क्षेत्र में एक ही दिन में दो मौत की घटनाएं होने से थाने में दो मर्ग के केस दर्ज करने पड़े। यही नहीं उन शवों का पीएम कराने भी पड़ गये।

घुमका पुलिस ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एक घटना में मृतक के जेब से एटीएम कार्ड भी मिला। वहीं मृतक की सायकल 3 किलोमीटर दूर उनके निजी कृषि भूमि के पास घुमका के डुमराही खार में लापता होने व घटना के दो दिन पूर्व परिजनों को मिला है। घुमका थाने में एक ही दिन में दो-दो मर्ग क़ायम होने के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुमका के पीएम हॉउस में सोमवार को दो पीएम भी कराया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खैरझिटी के विनय पोरते 30 वर्ष पिता बंशीलाल पोरते ने अपने निज निवास के अपने शयनकक्ष में नायलोंन रस्सी व गमछा को जोड़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह से तंग आकर उक्त कदम उठाया था। जिसका पोस्टमार्टम घुमका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीएम हाउस में किया गया।

इसी तरह सोमवार को ही घुमका निवासी देवेंद्र वर्मा के पुत्र पुखराज वर्मा 26 का संदिग्ध हालत में गोपालपुर खार में पूसऊ पटेल के खेत में सोमवार को ही मिला इनका भी पोस्टमार्टम किया गया। पीएम पश्चात पुलिस ने डेडबॉडी को परिजनों को सौंप दी है तथा मामले को विवेचना में ले लिया गया है।

# फसलों के नुकसान होने पर दिया जाएगा क्षतिपूर्ति राशि

**बालोद (दावा)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत रबी वर्ष 2023-24 में रबी फसलों का फसल बीमा कराने वाले कृषकों को स्थानीय आपदा अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, बादल फटना तथा आकाशीय बिजली से आगजनी के कारण अधिसूचित फसल में नुकसान होने पर उसके व्यक्तिगत खेत स्तर के आधार पर क्षतिपूर्ति दिए जाने का प्रावधान है।**

**72 घण्टे के भीतर सूचित करना आवश्यक**

कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि यदि प्रभावित इकाई में 25 प्रतिशत से ज्यादा हानि होती है तो जिला स्तरीय संयुक्त समिति द्वारा सेम्पल जांच कर क्षतिपूर्ति का निर्धारण किया जाएगा। जिसके अनुसार प्रभावित इकाई में सभी बीमित पात्र कृषकों को क्षतिपूर्ति देय होगी। उन्होंने बताया कि कृषक इसकी सूचना संबंधित क्रियान्वयक बीमा कंपनी के सीधे टोल फ्री नंबर एचडीएफसी ईआरजीओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के हेल्प लाईन नंबर 18002660700 पर या लिखित रूप से स्थानीय कृषि, राजस्व अधिकारियों संबंधित बैंक अथवा जिला कृषि, राजस्व पदाधिकारी को लिखित रूप से निर्धारित समय सीमा 72 घंटे के भीतर बीचित फसल के ब्यौर, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करना होगा।

# दिग्विजय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में पालक शिक्षक बैठक आयोजित




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के निर्देशन में किया गया। पालक शिक्षक बैठक का संचालन वाणिज्य विभाग की प्रोफेसर श्रीमती सुमन कोचर के द्वारा किया गया।

बैठक का शुभारंभ वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. एस. के. उके के उद्बोधन से हुआ, जिसमें प्रोफेसर उके के द्वारा सभी पलकों एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ.(श्रीमती) अंजना ठाकुर द्वारा स्वागत उद्बोधन करते हुए महाविद्यालय में प्रदाय की जाने वाली सुविधाएं एवं नई शिक्षा नीति 2020 से पालकों को अवगत कराया एवं छात्रों को अधिकाधिक महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी पालकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

सभी पालकों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव विभाग को प्रदान किये। अंत में प्रोफेसर एच.सी.जैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। पालक शिक्षक की बैठक में वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर रागिनी, श्रीमती स्वयंसिद्धा झा, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, तरुण वर्मा, महिमा जोबनपुत्रा, पूजा कुमारी एवं प्रतिभा सिंह उपस्थित थे। इस प्रकार महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा सफलता पूर्वक पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

# कार्डियोलोजी ऑफ इंडिया का दो दिवसीय सम्मेलन रायपुर में संपन्न

रायपुर (दावा)। हृदय रोग की समस्या व्यापक रूप धारण कर चुकी है, युवाओं में हार्ट अटैक तो आम बात हो गई है समय समय पर नये उपचार एवं गाइडलाइन्स को संशोधित करना आवश्यक हो गया है। वॉल्व रिप्लेसमेंट की नयी तकनीकों, लीडलेस पेसमेकर, हार्ट फेलियर उपचार की नयी दवाइयाँ, जन्मजात हृदय रोग, इत्यादि कई ऐसे विषय हैं जिन पर चर्चा एवं विचारों का आदान प्रदान हुई।




**युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक को लेकर चिंता बढ़ी**

इसी से प्रेरित होकर प्रतिवर्ष की तरह कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ का दो दिवसीय सम्मेलन 10 एवं 11 फरवरी को रायपुर बेबिलोन इंटरनेशनल होटल में आयोजित किया गया। इसमें देश एवं प्रदेश के हृदय रोग विशेषज्ञ शिरकत किए एवं अपने विचार रखे। इसमें कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.संजय त्यागी दिल्ली से आमंत्रित किए गए। प्रोफेसर डॉ.पी.सी. मनोरिया जो पूर्व अध्यक्ष एवं जाने माने ख्याति प्राप्त वरिष्ठ चिकित्सक गॉड फादर फिगर हैं को भोपाल से आमंत्रित किया गया, डॉ. विजया लक्ष्मी जो पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी की प्रोफ़ेसर हैं को बंगलौर से आमंत्रित किया गया है, डॉ.डी.एस.चड्ढा जो कि जटिल एंजियोप्लॉस्टी के जाने माने विशेषज्ञ हैं को बैंगलोर से आमंत्रित किया गया है। इसमें छ्स्ढ़ छ्त्र के प्रदेश वर्तमान अध्यक्ष डॉ.दिलीप रत्नानी, वर्तमान सचिव डॉ.एम.पी सामल, पूर्व अध्यक्ष डॉ.जावेद अली खान, पूर्व सचिव डॉ स्मित श्रीवास्तव की प्रमुख भूमिका है। डॉ.आलोक राय साइंटिफिक चेयरमैन हैं, ईसीजी वर्कशॉप डॉ.जावेद परवेज़, इको वर्कशॉप डॉ.निखिल मोतीरामानी एवं स्नेहिल गोस्वामी द्वारा सम्पन्न हुई जिसमें की प्रदेश के स्टूडेंट्स और चिकित्सक लोगों ने इन प्रक्रियाओं की क़रीब से समझा।

इसमें कार्डियोलॉजी अपडेट पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इसमें प्रदेश के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.आशीष मल्होत्रा, डॉ.के गुरुनाथ, डॉ.जयराम एयर, डॉ.सुनील गौनियाल, डॉ.के.के. आदिले, डॉ.सतीश सूर्यवंशी, डॉ.मनोज गुप्ता, डॉ.प्रणय जैन, डॉ.गौरव त्रिपाठी इत्यादि शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.आलोक राइ द्वारा किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.पी.सी मनोरिया द्वारा हृदय रोगों के बारे में जानकारी दी गई में प्रमुख रूल ऑफ 80 का विस्तार बताया गया। हैदराबाद से आए डॉ.नागेश्वर राव ने दिल में विभिन्न छेद को बंद करने की प्रक्रिया पर जानकारी दी। एम्स नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ.नीतीश नाइक ने एट्रियल फाइबरिलेशन को कसे रोकथाम करे उस पर रोशनी डाली। दो दिन चले इस कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश और भारत के विभिन्न जगह के लोगों ने हिस्सा लिया और सोसाइटी और मरीजों की बेहतर दिल के स्वास्थ्य और रोगों की रोकथाम पर चर्चाएं की। नेशनल सोसाइटी सीएसई के प्रेसिडेंट प्रोफेसर संजय त्यागी ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। लीडलेस पेसमेकर, वाल्व रिप्लेसमेंट की नयी तकनीक और हार्ट फेलियर के उपचार के बारे में भी चर्चायें हुई।

# अजय ने सदन में पूछा, क्वांटिफाइबल डाटा आयोग ने क्या अनुशंसाए की



रायपुर (दावा)। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जिस क्वांटिफाइबल डाटा आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक किए बगैर उसके आधार पर विधानसभा में आरक्षण (संशोधन) विधेयक पारित कराया था, उस पर भाजपा सरकार आने के बाद अब फिर से सवाल उठ रहा हैं। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने विधानसभा में सवाल किया कि क्या आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक होगी? मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पर विचार करने की बात कही है.

विधानसभा में अजय चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सवाल किया कि क्वांटिफायबल डाटा आयोग कब और किन उद्देश्यों से गठित किया गया? उसका कार्यकाल कितनी अवधि का था? उसके कार्यकाल को कितनी बार बढ़ाया गया और अंतिम बार कितनी अवधि के लिए कब तक बढ़ाया गया? रिपार्ट राज्य सरकार को कब सौंपी गई? किन-किन संस्थाओं को देनी थी? इसके चेयरमेन व सदस्य कौन-कौन थे तथा इनको क्या-क्या सुविधायें दी गयी एवं कितनी राशि व्यय की गयी? क्वांटिफायबल डाटा आयोग ने क्या-क्या अनुशंसाएं दीं? क्या उन अनुशंसाओं का उपयोग राज्य सरकार ने कर लिया है? यदि कर रही है तो इनका उपयोग किन-किन क्षेत्रों में कर रही है? यदि नहीं कर रही है तो इस आयोग का गठन क्यों किया गया?

क्या उक्त डाटा को सार्वजनिक किया गया था? यदि नहीं, तो उसका कारण क्या था एवं उनकी अनुशंसाओं को सरकार द्वारा स्वीकार कर लागू किया गया है? यदि हां, तो सरकार इनका उपयोग किन-किन क्षेत्रों में, किन-किन कार्यों के लिये कर रही है? यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जवाब में बताया कि क्वांटिफायबल डाटा आयोग का गठन सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा 11 सितंबर 2019 द्वारा किया गया. इसका उद्देश्य राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्गों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण कर क्वांटिफायबल डाटा एकत्रित किया जाना था. आयोग का कार्यकाल छह माह में प्रतिवेदन शासन को सौंपने हेतु गठन किया गया था, किन्तु प्रतिवेदन अपेक्षित होने के कारण आयोग का कार्यकाल 10 बार बढ़ाया गया, अंतिम बार 2 महीने की अवधि के लिए 31 दिसंबर 2022 तक के लिये बढ़ाया गया था. आयोग ने अपनी रिपोर्ट/प्रतिवेदन 21 नवंबर 2022 को राज्य सरकार को सौंपी. उक्त रिपोर्ट/प्रतिवेदन किसी भी संस्थाओं को नहीं दी गई है. क्वांटिफायबल डाटा आयोग के चेयरमैन सेवानिवृत्त जिला एवं सेशन जज थे, आयोग में सदस्य नियुक्त नहीं किए गए थे. आयोग के चेयरमैन को मानदेय तथा समान पद के न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध सुविधाओं के अनुरूप सुविधाएं दी गई थी. कुल राशि 1,07,06,856 रुपए व्यय की गई.

आयोग से प्राप्त प्रतिवेदन में अनुशंसा नहीं अपितु निष्कर्ष दिए गए हैं, जिसके आधार पर 1 और 2 दिसम्बर, 2022 को विधान सभा के विशेष सत्र में राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 तथा छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्था (प्रवेश में आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2022 लाया गया, जो सर्वसम्मति से विधान सभा द्वारा पारण किया गया है। राज्य शासन द्वारा आयोग से प्राप्त उक्त निष्कर्ष एवं डाटा का उपयोग छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 तथा छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्था (प्रवेश में आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2022 में किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि आयोग का गठन राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्गों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण कर क्वांटिफायबल डाटा एकत्रित कर प्रतिवेदन शासन को सौंपने के लिए गठन किया गया था. आयोग से प्राप्त निष्कर्ष/डाटा को राज्य सरकार द्वारा स्वीकार कर छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 तथा छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्था (प्रवेश में आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2022 में किया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से 7 गाय की मौत, एक का पैर कटा



राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार की सुबह मुढ़ीपार रेल्वे स्टेशन के नजदीक ग्राम जोरातराई और मनगटा के बीच रेल्वे पटरी से गुजरते हुए तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से सात गायों का मौके पर ही मौत हो गई वही एक गाय के पैर कट जाने से वह बूरी तरह जख्मी है।

बताया जाता है कि घटना की जानकारी होने पर पूर्व सरपंच धनेन्द्र साहू द्वारा सोमनी थाना प्रभारी को दी गई। वही इसकी जानकारी रेल्वे कर्मचारी को भी दी गई। इसके बाद भी मौके पर किसी के भी नहीं पहुंचने पर धनेन्द्र साहू ने अपने बेटे व भाईयों सहित गांव वालों की मदद से ट्रेन की चपेट में आए व रेल्वे पटरी में मृत पड़े सभी गायों के शवों को हटाया व जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर जमीन में दफना दिया।

मिली जानकारी के अनुसार वहां रेल्वे पटरी पर लगे लॉक निकले हुए है वही अनेक ट्रेनें वहां से गुजर रही है। लॉक निकले होने की वजह से कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। रेल्वे ट्रेक में हुई उक्त घटना के संबंध में शाम पांच बजे तक रेल्वे का कोई अधिकारी व कर्मचारी नहीं आया।

नांदगांव रेल्वे स्टेशन के जी.आर.पी. पुलिस को इस सम्बंध में जानकारी लेने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन आउट आफ रेंज बताया। सोमनी थाना प्रभारी कृष्णा पटेल ने बताया कि गायों के कटने की सूचना उन्हें जरूर मिली है। लेकिन रिपोर्ट दर्ज कराने कोई नहीं आया है। रेल्वे का मामला है, अतः जीआरपी वाले इस देखेंगे।

## लाभार्थी संपर्क अभियान के सौरभ कोठारी लोकसभा के संयोजक बनाए गए



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान के माध्यम से लाभार्थियों तक पहुंच कर केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क का महत्वपूर्ण अभियान प्रारंभ कर रही है। इसी परिपेक्ष में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरणदेव सिंह एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक रामजी भारती ने राजनांदगांव लोकसभा के लिए सौरभ कोठारी को संयोजक नियुक्त किया गया है, सह संयोजक के रूप में खम्हन ताम्रकार गंडई, सीताराम साहू, कवर्धा एवं नम्रता सिंह मोहला को महती जवाबदारी दी गई है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजनांदगांव लोकसभा में 5 लाख लोगों से संपर्क कर उनका डाटा अपडेट किया जाएगा एवं लाभार्थियों को मोदी सरकार का पत्रक देना, घर पर स्टीकर लगाना, उनके लाभ एवं अनुभव को वीडियो के माध्यम से सोशल मीडिया में साझा करना इत्यादि कार्य समिति द्वारा किया जाना है।

विदित हो की भाजपा के 11000 से अधिक कार्यकर्ता इस चुनौती पूर्ण कार्य को अंजाम देने के लिए लोकसभा की तैयारी के साथ-साथ मंडल स्तर पर लग जाएंगे और 5,16,170 राजनांदगांव लोकसभा के लाभार्थियों से संपर्क कर उनका डाटा सरल एप में अपलोड करते हुए निर्धारित नंबर पर मिस कॉल करने का महत्वपूर्ण कार्य संपन्न करने हेतु संयोजक सहसंयोजक की नियुक्ति आज की गई है।

## सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह ने महतारी वंदन योजना एवं अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले अंतर्गत महतारी वंदन योजना तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास की समस्त योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायत संचालनालय एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा अन्य कार्यों के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने सभी संबंधित अधिकारियों से विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम राजनांदगांव एवं डोंगरगांव, परियोजना निदेशक, सीईओ जनपद पंचायत, पी.ओ.नरेगा, बीसी स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बीपीएम एनआरएलएम, करारोपण अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसडीओ, सब इंजीनियर, महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ एवं संबंधित अधिकारीगण तथा जिला पंचायत एवं जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारीगण उपस्थित हुए। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

### महतारी वंदन योजनांतर्गत नगर निगम में चल रहे आवेदन पत्रों का ऑनलाईन एंट्री की आयुक्त ने की समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज निगम सभागृह में अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर महतारी वंदन योजनांतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की ऑनलाईन एंट्री की समीक्षाकर वार्डवार प्रगति की जानकारी लेकर एंट्री में तेजी लाने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने प्रत्येक कर्मचारियों से उनके द्वारा किये जा रहे एंट्री की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वार्ड में आंगनबाडी केन्द्रों में महतारी वंदन योजना का आवेदन भराया जा रहा है, जिसके आवेदनों की एंट्री नगर निगम में आप लोगों के द्वारा की जा रही है, अब तक लगभग 6 हजार आवेदनों एंट्री हुई है, जोकि अत्यंत कम है, अधिक से अधिक आवेदनों की एंट्री करें, निगम के अलावा घर में भी एंट्री करें। जिनको समझ नहीं आ रहा है, वे प्रशिक्षण लेकर कार्य करें। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने शासन की महत्वपूर्ण योजना है, योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपये की राशि प्रदान की जावेगी। 20 फरवरी तक आवेदन लेकर एंट्री करना है, निर्धारित तिथि उपरांत पात्र महिलाओं को राशि का अंतरण किया जावेगा। जिसे ध्यान में रखकर कार्य कराना है, इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देना है, ताकि इसका लाभ महिलाओं को मिल सकें।

## आज विजय शांति सूरीश्वर गुरुदेव की जन्म एवं दीक्षा दिवस महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। महान योगीराज श्री विजय शांति सूरीश्वरजी गुरुदेव का जन्म एवं दीक्षा दिवस महोत्सव बसंत पंचमी को विगत लगभग 16 वर्षों से संस्था द्वारा यह आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है इसी कड़ी में इस वर्ष भी बसंत पंचमी दिनांक 14 फ़रवरी बुधवार को प्रातः 9 बजे से अष्ट प्रकारी पूजा श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में श्री शांति विजय सेवा समिति द्वारा पढ़ाई जावेगी एवं रात्रि में 8 बजे से श्री पार्श्वनाथ जैन बगीचा में भजन सम्राट प्रीति, प्रिया चौहान (राजस्थान) एवं शुभम राणा (इंदौर) गुरु भक्ति की अविरल गंगा बहायेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के वरिष्ठ का सम्मान, सेवा कार्य में तत्पर संस्था का सम्मान समिति द्वारा किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष चिंतामणि बोथरा ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से भजन संध्या के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

## नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल में आज बसंत पंचमी विद्यारंभ संस्कार के साथ शाला प्रवेश



राजनांदगांव (दावा)। एन.बी. ग्रुप ऑफ स्कूल के नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग, ब्रांच जयस्तंभ चौक, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी, नीरज फाउण्डेशन स्कूल-न्यू खंडेलवाल कॉलोनी, नीरज विद्या मंदिर-मोहड़ डोंगरगांव, नीरज माईल स्टोन स्कूल-खैरागढ़ इन सभी स्कूलों में प्रतिवर्षानुसार बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यारंभ संस्कार के साथ शाला प्रवेश उत्सव में ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर एन.बी. ग्रुप ऑफ स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी ने कहा है कि बसंत पंचमी के शुभमुहूर्त में प्री-नर्सरी/नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों को विद्यारंभ संस्कार के साथ प्रवेश दिया जाएगा। उक्त कक्षाओं में प्रवेश पूर्व मंत्रोच्चार की विशेष व्यवस्था माँ गायत्री परिवार के सहयोग से की गई है। पालकों से अनुरोध है कि वे इस शुभमुहूर्त पर विद्यारंभ संस्कार के साथ बच्चों को आगामी सत्र हेतु शाला प्रवेशित कराए।

विद्यारंभ संस्कार हेतु समय - नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग 9 से 10:30 बजे, ब्रांच जयस्तंभ चौक में 11 से 12:30 बजे, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी में 9 से 10:30 बजे, नीरज फाउण्डेशन स्कूल-न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में 11 से 12:30 बजे, नीरज विद्या मंदिर-मोहड़, डोंगरगांव में 11 से 1 बजे, नीरज माईल स्टोन स्कूल-खैरागढ़ में सुबह 10 से 1 बजे तक। इस अवसर पर संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने पुनः आग्रह किया कि इस शुभमुहूर्त में शाला प्रवेशित करने वाले छात्रों सहित सभी बड़ी कक्षाओं के छात्रों को भी 2000 रू. का प्रवेश शुल्क में छूट दिया जा रहा है।

## टायर फटने से युवक की मौत



राजनांदगांव (दावा)। अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के कुर्दी गांव स्थित एक आटो पार्टस में ट्रेक्टर के डिस्क बदलने के दौरान टायर फटने से युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि डिस्क बदलने के दौरान टायर से हवा नहीं निकाले जाने की वजह से अचानक आयर फट गया और टायर में मौजुद हवा के तेज प्रेशर से युवक 25 फीट उपर उछल गया और नीचे आ गिरने से उसकी मौकेपर ही मौत हो गई। युवक का नाम तुलेश पिता गयादास मानिकपुरी (25 वर्ष) बताया जाता है। अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के कोंगनी गांव निवासी युवक तुलेश अपने ट्रेक्टर के ट्राली के पिछले चक्के का डिस्क खराब होने के चलते उसे बनवाने अपने गांव से कुर्दी गांव आया हुआ था जहां देवांगन आटो पार्टस में वह खुद ही डिस्क को चेंज करने के लिए टायर से बोल्ट खोल रहा था। इसी दौरान टायर का डिस्क बदलते समय उक्त घटना हो गई। मौके पर मौजु लोगों ने उक्त घटना देखी तो वे सभी स्तब्ध रह गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में क्वीज कॉम्पटीशन संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। गत शनिवार को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों का क्वीज कॉम्पटीशन सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता को शुभारंभ संचालक नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात् अपने उद्बोधन भाषण में इस प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों को आने वाले समय में उनके समग्र बौद्धिक विकास हेतु आवश्यक है। आगे बाजपेयी जी ने इन बच्चों को प्रतियोगिता हेतु तैयारी कराने शिक्षिकाओं एवं पालकों के प्रयासों हेतु सराहना की।

उक्त प्रतियोगिता हाउसवार चार हाउस क्रमशः रूबी, टोपाज, क्रिसोलाइट एवं सैफायर के मध्य आयोजित की गई। क्वीज प्रतियोगिता में कक्षावर 1 से 8 तक के बच्चों के चारो हाउस के प्रश्नोत्तरी में करेंट अफेयरए सब्जेक्ट राउंड, पिक्चर राउंड, ऑडियो राउंड, बजर राउंड एवं अंत में व्हील राउंड पालकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। प्रतियोगिता में क्रमवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को मोमेन्टो एवं सर्टीफिकेट वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती ईला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई सहित स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित स्टाफ ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## किसानों ने जमीन अधिग्रहण की मुआवजा मांगी



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत कल्लुटोला (छुरिया) क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खातूटोला बैराज से बनियाटोला तक बने नहर नाली के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण की गई है लेकिन दो-तीन वर्ष बीत जाने के बाद उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। इसके कारण कल्लुटोला के उप सरपंच श्यामलाल साहू सहित शीलु राम, शंकर लाल, गौतम शोभित आदि किसानों ने जनदर्शन में ज्ञापन सौंप कर शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले राजेश श्यामकर



राजनांदगांव (दावा)। गत दिनों विधानसभा रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जिला पंचायत सदस्य व भाजपा के कद्दावर नेता राजेश श्यामकर ने मिलकर जोरातराई मनगटा के लिए 2 करोड़ 38 लाख रुपए में एडवेंचर पार्क के लिए 1 करोड़ रुपए और बाकी 1 करोड़ 38 लाख के अन्य कार्य हुए हैं। जिसके लिए श्री श्यामकर ने मुख्यमंत्री को लोकार्पण लिए आमंत्रित किया। जिस पर उन्होंने मुख्यमंत्री से चर्चा किया है।

## आरक्षक मंडावी को कुचलकर मारने की साजिश में शामिल मयूर अंततः पुलिस के हत्थे चढ़ा

### पशुक्रुरता के आदतन अपराधी पशु तस्करी दौरान करता था पॉयलेंटिंग

राजनांदगांव (दावा)। बागनदी पुलिस आरक्षक को पशु तस्करों को पकड़ने के दौरान वाहन में कुचल कर मारने का प्रयास करने वाला एक फरार आरोपी अंततः पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है। बताया जाता है कि उक्त आरोपी पशु कुरता के आदतन अपराधी है, जिनके विरूद्ध महाराष्ट्र के थानों में भी अपराध दर्ज है।



बता दें कि बागनदी पुलिस आरक्षक की हत्या के मामले मे पहले ही 5 आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से एक आरोपी मयूर उर्फ मर्डर सावरकर फरार चल रहा था। जिसे पकड़ने पुलिस द्वारा आपरेशन चलाया जा रहा था। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी मयूर को घेराबंदी कर अंततः पकड़ लिया है।

बताते चलें कि बागनदी थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा गत 9 फ़रवरी के रात्रि लगभग ढ़ाई बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश की गई थी। इस दौरान थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए रौंदने का प्रयास किया था और जान बूझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया था। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल ले जाया गया। जहां ईलाज के दौरान आरक्षक की मौत हो गई।

इस मामले में थाना बागनदी में अपराध कमांक 13/2024 धारा 307 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थान से पांच आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं मामले का एक आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रह था और अपनी निगरानी मे ही पशु तस्करी करा रहा था। उसे पकड़ने के लिए लगातार टीम छापा मार रही थी, जो मुखबिर सूचना पर फरार आरोपी मयूर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी मयूर द्वारा घटना मे शामिल होना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307,302, भादवि 4,6,10 छ.ग. पशु परीक्षण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। फरार आरोपी को पकड़ने में साइबर सेल व थाना बागनदी पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com